


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित





डाक पंजीयन क्र. डीएलपी 1144/2019-21



5 2011 वर्ल्ड कप में धोनी की कप्तानी और फिनिशिंग प्रेरित... | सम्पादकीय बदलता परिदृश्य | वॉट्सएप आपके प्राइवेट मैसेज पढ़ रहा ये भरोसे... 5



वर्ष 14 अंक 42 | E-mail: dholpur@hotmail.com | जयपुर, शनिवार 11 अप्रैल 2026 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


## मथुरा : यमुना में स्टीमर डूबने से 10 पर्यटकों की मौत

आर.एन.एस

**मथुरा।** वृंदावन में शुक्रवार दोपहर यमुना नदी में 30 पर्यटकों से भरा स्टीमर पलट गया। हादसे में 8 पर्यटकों की डूबने से मौत हो गई। इनमें 5 महिलाएं और 3 पुरुष हैं। इसकी पुष्टि मथुरा के डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने की है। स्टीमर में सवार सभी पर्यटक पंजाब से घूमने आए थे।

एसडीआरएफ और एनडीआरएफ मौके पर रेस्क्यू चला रही है। 50 लोकल गोताखोर भी रेस्क्यू में जुटे हैं। गोताखोर गुलाब ने बताया- करीब 15 लोगों को बाहर निकाल लिया है।

पर्यटक मनोहर लाल ने बताया- हम सभी पंजाब के जगरांवा से आए हैं। तेज हवा चल रही थी। यमुना नदी के बीच में स्टीमर अचानक तेज हवा से डगमगाने लगा। स्पीड भी बढ़ गई। तभी स्टीमर पीपा पुल से टकराकर पलट गया।



मौसम विभाग की बेवसाइड स्काईमेट के अनुसार, वृंदावन में अभी 31 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है।

एक महिला ने बताया- हम लोगों का 120 लोगों का ग्रुप पंजाब से आया था। स्टीमर पलट गई है। कई लोग डूब गए हैं। कुछ लोगों को निकाला गया है। पुलिस और स्थानीय प्रशासन मिलकर रेस्क्यू अभियान चला रहा है। गोताखोर यमुना के गहरे पानी में डूबे हुए लोगों की तलाश में जुटे हैं। मौके पर डीएम, एसपी पहुंच गए हैं। दुर्घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई है, जिससे बचाव कार्य में थोड़ी बाधा आ रही है। प्रशासन ने लोगों से शांत रहने और बचाव दल का सहयोग करने की अपील की है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## ईरान ने अमेरिका से बातचीत से इनकार किया

### कहा- लेबनान में सीजफायर लागू होने तक कोई डील नहीं

आर.एन.एस

**तेहरान।** ईरान ने पाकिस्तान में होने वाली सीजफायर डील में शामिल होने से इनकार कर दिया है। ईरानी मीडिया फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान ने कहा है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं हो जाता वह बातचीत नहीं करेगा।

इससे पहले अमेरिकी वेबसाइट वॉल स्ट्रीट जनरल ने खबर दी थी कि ईरानी डेलिगेशन गुरुवार शाम पाकिस्तान पहुंच गया है। इसमें संसद अध्यक्ष गालिबाफ और विदेश मंत्री अराघची शामिल हैं। हालांकि फार्स न्यूज ने इसे फेक बताया।

इससे पहले 7 अप्रैल को अमेरिका और ईरान 2 सप्ताह के सीजफायर पर सहमत हुए थे। यह भी तय हुआ था कि दोनों देशों के नेता पाकिस्तान में मीटिंग के लिए मिलेंगे। बातचीत शनिवार को इस्लामाबाद में होनी है।



इसके लिए अमेरिकी डेलिगेशन आज इस्लामाबाद पहुंचेगा।

इजराइली सेना का दावा- 250 से ज्यादा हिजबुल्लाह लड़ाके ढेर

इजराइली सेना ने दावा किया कि उसने हिजबुल्लाह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई में 200 से ज्यादा रॉकेट लॉन्चर नष्ट किए। इन लॉन्चरों में करीब 1,300 लॉन्च ट्यूब शामिल थे, जिनका इस्तेमाल हमलों के लिए किया जाता था।

ढ्ढष्ठस्न के मुताबिक, इस कार्रवाई में 250 से ज्यादा हिजबुल्लाह के लड़ाके मारे गए। इनमें 15 कमांडर शामिल थे, जो अलग-अलग क्षेत्रों में आर्टिलरी यूनिट संभाल रहे थे। इजराइल ने यह भी दावा किया कि हिजबुल्लाह की नासर यूनिट के आर्टिलरी प्रमुख अली कामेल अबर अल-हसन को भी मार गिराया गया।

## जस्टिस यशवंत वर्मा का इस्तीफा

### घर में 500 के नोटों के बंडल जले मिले थे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को इस्तीफा भेज दिया है। 14 मार्च 2025 को उनके दिल्ली स्थित सरकारी घर में आग लगने के दौरान 500-500 के नोटों के बंडल जले मिले थे। इसके बाद उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

उन्होंने 5 अप्रैल 2025 को इलाहाबाद हाईकोर्ट में शपथ ली थी, लेकिन उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई थी। मामले की जांच पूरी होने तक उन्हें न्यायिक कामों से दूर रखा गया था। जस्टिस वर्मा ने 9 अप्रैल को इस्तीफा भेजा था, लेकिन न्यूज एजेंसी ने अगले दिन, यानी 10 अप्रैल को इसकी जानकारी दी। जस्टिस वर्मा ने इस्तीफे में लिखा है- मैं आपके सम्मानित कार्यालय को उन कारणों से परेशान



नहीं करना चाहता, जिनकी वजह से मुझे यह पत्र लिखना पड़ रहा है।

लेकिन गहरे दुख के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे रहा हूं। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ संजीव खन्ना ने 22 मार्च को जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी। इसने 4 मई को ष्टछ्वढ्ढ को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया था। लोकसभा में जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। उन्होंने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। इसमें कहा था कि दोनों सदनों में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन राज्यसभा ने उसे मंजूर नहीं किया। इसके बावजूद लोकसभा ने जांच समिति बना दी, जो गलत है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि लोकसभा स्पीकर की ओर से गठित संसदीय जांच पैनल में कुछ खामी दिखाई देती है। लेकिन जजेज इन्क्वायरी एक्ट के तहत लोकसभा स्पीकर के पास यह अधिकार है

## बंगाल में भाजपा का वादा

### महिलाओं को 3 हजार महीना व 6 महीने में यूसीसी लागू होगा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को ?3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को ?3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में ष्टष्ट लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पत्र जारी करते हुए कहा बंगाल की जनता के लिए पिछले 15 साल बुरे सपने के जैसे रहे हैं। ममता घुसपैठियों के जरिए तीसरी बार सीएम बनीं हैं। हम घुसपैठियों को डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट करेंगे। राज्य में दो फेज में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। रिजल्ट 4 मई को आएगा।इधर, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने नॉर्थ 24 परगना के टेंटुलिया में चुनावी रैली की। उन्होंने यहां कहा- सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन बीजेपी पर नहीं। भाजपा असम चुनाव के लिए बाहर से लोगों को लेकर आई, उसे राज्य के निवासियों के वोटों से जीत का भरोसा नहीं था।

बीजेपी नेता लॉकेट चटर्जी ने कहा- टीएमसी का एकमात्र मकसद मुसलमानों के वोटों को एकजुट करना है। वे केवल तुष्टीकरण की राजनीति करके ही चुनाव जीतते हैं। पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यक टीएमसी पर भरोसा नहीं करते। वे टीएमसी को वोट नहीं देंगे।

## दो दशक तक बिहार के सीएम रहे नीतीश कुमार ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** दिग्गज नेता नीतीश कुमार ने शुक्रवार को राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ ली। बिहार में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सत्ता में बने रहने के लिए गठबंधन की राजनीति में उनकी कुशलता महत्वपूर्ण रही है।

राज्यसभा में प्रवेश करना कुमार की भारत के हर विधायी सदन (बिहार विधानसभा, बिहार विधानसभा, लोकसभा और अंत में राज्यसभा) में सेवा करने की लंबे समय से व्यक्त की गई इच्छा की पूर्ति का प्रतीक है।

संसद के उच्च सदन में निर्वाचित होने के बाद कुमार ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। जनता दल (यूनाइटेड) के एमएलसी संजय गांधी ने बिहार के मुख्यमंत्री का इस्तीफा परिषद अध्यक्ष अवधेश नारायण सिंह को सौंपा।

इस सत्ता परिवर्तन से बिहार सरकार की बागडोर प्रभावी रूप से भाजपा के हाथों में आ गई है, जो



आगामी चुनावों से पहले राज्य की सत्ता संरचना में एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत है।

बिहार भाजपा के नेताओं की एक उच्च स्तरीय बैठक भी आज दिल्ली में हो रही है, जिसमें नए राज्य नेतृत्व के लिए रोडमैप को अंतिम रूप दिया जाएगा।

नीतीश कुमार 16 मार्च को एनडीए द्वारा बिहार से मैदान में उतारे गए चार अन्य उम्मीदवारों के साथ राज्यसभा के लिए चुने गए। इसके बाद, कुमार जेडीयू अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए, क्योंकि इस पद के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया था।

हालांकि, संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, राज्यसभा सांसद चुने जाने के बावजूद कुमार अगले छह महीनों तक बिहार के मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं। नियमों के अनुसार, सांसद चुने जाने के 14 दिनों के भीतर एमएलसी पद से उनका इस्तीफा देना अनिवार्य था।



## 114 नए राफेल स्वदेशी मिसाइलों से लैस होंगे

### 18 जेट फ्रांस में, 96 भारत में बनेंगे

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** भारत फ्रांस से 114 नए राफेल फाइटर जेट खरीद रहा है। 18 जेट फ्रांस में, 96 भारत में बनेंगे। इन जेट्स को स्वदेशी मिसाइलों और हथियार सिस्टम से लैस किया जाएगा। एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, इंटरफेस कंट्रोल डॉक्यूमेंट के जरिए राफेल जेट और स्वदेशी हथियार आपस में कैसे जुड़ेंगे यह तय किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय अगले महीने राफेल फाइटर जेट बनाने वाली फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी करेगा। इसके बाद कॉन्ट्रैक्ट पर बातचीत शुरू होगी। इस सौदे को फेंस एक्विजिशन काउंसिल ने 12 फरवरी को मंजूरी दी थी।

114 में से 18 राफेल जेट्स फ्रांस से फ्लाई-अवे कंडीशन में मिलेंगे। बाकी 96 जेट्स भारत में बनाए जाएंगे, जिसमें 25% कलपुर्जे स्वदेशी होंगे।

फ्रांस सोर्स कोड शेयर नहीं करेगा रिपोर्ट्स में कहा गया कि फ्रांस सोर्स कोड देने को तैयार नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, कोई भी देश अपने फाइटर जेट का सोर्स कोड साझा नहीं करता। यही कोड रडार, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, टारगेट ट्रैकिंग और हथियार सिस्टम को कंट्रोल करता है, इसलिए इसे साझा नहीं किया जाता। हालांकि, डील पर इसका असर नहीं है।

एचटी की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को रूस ने 5 जनरेशन एसयू-57 फाइटर जेट के दो स्क्वाड्रन देने की पेशकश की है। वह हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ मिलकर एसयू-30 एमकेआई जेट्स को अपग्रेड भी कर रहा है। हालांकि रूस ने इन दोनों फाइटर जेट्स के सोर्स कोड कभी शेयर नहीं किए। अमेरिका का भी यही रुख है। भारत के पास मौजूद अमेरिकी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट और अटैक हेलिकॉप्टर से जुड़े सॉफ्टवेयर कोड भी शेयर नहीं किए जाते।

एयरफोर्स ने सितंबर 2025 में 114 अतिरिक्त राफेल जेट की मांग रक्षा मंत्रालय को भेजी थी। एयरफोर्स के पास पहले से 36 राफेल विमान है, जबकि नौसेना ने 26 मरीन वेरिएंट राफेल का ऑर्डर दिया है।

अधिक संख्या में एक ही प्लेटफॉर्म होने से रखरखाव लागत कम होगी। अंबाला एयरबेस पर राफेल का ट्रेनिंग और स्र्ह्र (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) सेंटर पहले से चालू है। एयरफोर्स के पास तुरंत दो स्क्वाड्रन (36-38 विमान) शामिल करने के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर, स्पेयर पार्ट्स और प्रशिक्षित स्टाफ मौजूद है।

## ममता बनर्जी बंगाल के लोगों की चिंता नहीं करती है : अमित शाह

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के देबरा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि, ममता बनर्जी बंगाल के लोगों की चिंता नहीं करती हैं। उन्हें बस भतीजे अभिषेक बनर्जी को अगला सीएम बनाने में दिलचस्पी है।

उधर बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने नॉर्थ 24 परगना के टेंटुलिया में चुनावी रैली की। उन्होंने कहा- सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन बीजेपी पर नहीं।भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए पार्टी का घोषणा पत्र यानी 'भरोसे का पत्र' जारी किया। इसमें महिलाओं को ?3 हजार महीना, युवा बेरोजगारों को ?3 हजार महीना की मदद, पहले 6 महीने में यूसीसी लागू करना और सरकारी कर्मचारियों को 45 दिन में सातवां वेतनमान देने की घोषणा की गई।पश्चिम बंगाल में वोटिंग लिस्ट फ्रीज की गई, अब तक दो नाम बहाल



पश्चिम बंगाल में चुनाव से पहले स्ढ्ढक्र के बाद वोटर लिस्ट फ्रीज कर दी गई है। यानी कि अब कोई नया नाम नहीं जोड़ा जाएगा। हटाए गए 27 लाख नामों में से अब तक सिर्फ दो नाम ही बहाल किए गए हैं। ये दोनों नाम सुप्रीम कोर्ट के दखल के बाद बहाल हुए हैं। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार तक ट्रिब्यूनल के सामने सुनवाई के लिए दो लाख से ज्यादा आवेदन ऑनलाइन जमा किए जा चुके थे। हालांकि इन पर सुनवाई जारी रहेगी।

देबरा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, पिछले 15 सालों से ममता बनर्जी 'मा, माटी, मानुष' के नारे के साथ आती रही हैं लेकिन हमारे युवाओं को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है और लोगों को तकलीफें उठानी पड़ी हैं। किसानों को भी परेशान होना पड़ा है।

## छत्तीसगढ़ में 2 कारें भिड़ने से कॉन्स्टेबल का परिवार खत्म

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में भीषण सड़क हादसे में कॉन्स्टेबल मुनेंद्र नेताम के परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे-30 पर कोतवाली थाना क्षेत्र में दो कारों की आमने-सामने टक्कर से हुआ।

जानकारी के मुताबिक, उड़कुडा निवासी नेताम परिवार गुरुवार रात करीब 11 बजे चीवरांज में शादी से लौट रहा था। नाथिया नवागांव के पास उनकी कार दूसरी कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतकों में मुनेंद्र नेताम की पत्नी कुंती नेताम, दामाद शगुनदास नेताम,



बहन मकतुला नेताम और 7 साल का भांजा वंश नेताम के साथ दो रिश्तेदार भी शामिल हैं। हादसे में दोनों वाहनों के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रायपुर रेफर किया गया है। टक्कर में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

दूसरी कार में सवार दो युवक घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि उनकी कार तेज रफ्तार में थी और ट्रक को ओवरटेक करते समय सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर से टकरा गई।

## गगनयान मिशन का दूसरा क्रू मॉड्यूल टेस्ट सफल

### चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी ऊंचाई से छोड़ा गया

आर.एन.एस

नई दिल्ली। भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी में बड़ी कामयाबी मिली है। ढ्ढस्क्रह्र ने गुरुवार को दूसरा इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया।

यह टेस्ट गगनयान मिशन के लिए तैयार किए गए पैराशूट सिस्टम की असली परिस्थितियों की जांच करने के लिए किया गया। इसका मकसद गगनयान मिशन से पहले पैराशूट खुलने के प्रोसेस को चेक करना था। ये प्रोसेस मिशन के समय अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षित वापसी तय करेगा।

टेस्ट के दौरान लगभग 5.7 टन वजनी डमी क्रू कैप्सूल को वायुसेना के चिनूक हेलिकॉप्टर से 3 किमी की



ऊंचाई से छोड़ा गया। कैप्सूल ने समुद्र में सेफ लैंडिंग की। पिछले 8 महीनों में क्रू कैप्सूल का यह दूसरा एयर ड्रॉप टेस्ट है। पहला टेस्ट 24 अगस्त 2025 को किया गया था।

**गगनशन मिशनः 2027 में शुभांशु समेत पायलट अंतरिक्ष जाएंगे**

गगनयान आईएसआरओ का ह्यूमन स्पेस मिशन है। इसके तहत 2027 में स्पेसक्राफ्ट से वायुसेना के तीन पायलट्स को स्पेस में भेजा जाएगा। ये पायलट 400 किमी के ऑर्बिट पर 3 दिन रहेंगे, जिसके बाद हिंद महासागर में स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग कराई जाएगी। मिशन की लागत करीब 20,193 करोड़ रुपए है। गगनयान मिशन के लिए अभी वायुसेना के चार पायलट्स को चुना गया है, जिनमें से एक ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला हैं। शुभांशु इसीलिए एक्सियम मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन गए थे।

## एमपी-यूपी में तापमान 6 डिग्री से 10 डिग्री तक बढ़ सकता है

### राजस्थान में 40 डिग्री से ज्यादा होने का अनुमान

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश में अब बारिश का असर कम रहेगा। इसके साथ ही दिन का तापमान 4 डिग्री से 6 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में इस हफ्ते बारिश की संभावना नहीं है। बीते दो दिन में 50 से ज्यादा जिलों में बारिश-ओलावृष्टि का असर रहा। राज्य का तापमान 10 डिग्री तक बढ़ सकता है।

राजस्थान में आंधी-बारिश का दौर थमने के साथ तापमान बढ़ने लगा है। अगले 2 सप्ताह में गर्मी तेज होने के



साथ कुछ शहरों का तापमान 40 डिग्री या उससे ऊपर जा सकता है।

देश के अरुणाचल प्रदेश, असम समेत 9 राज्यों में बारिश-आंधी की आशंका है। हिमाचल प्रदेश में अप्रैल में अब तक सामान्य से 200% ज्यादा बारिश हो चुकी है। आमतौर पर 2-9 अप्रैल के बीच 17.6 एमएम बारिश होती थी, इस बार 52.6 एमएम हुई। राज्य के अधिकतम तापमान में भी 6.4एष्ट की कमी आई है।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग समेत 5 जिलों में बारिश की संभावना है। पहाड़ियों पर बर्फबारी हो सकती है। इधर, आंध्र प्रदेश में अगले पांच दिन तक मौसम खराब बना रहेगा। राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक, बिजली गिरने के साथ गर्म और उमस भरा मौसम बना रहेगा।



# चेतना बस्ती में घुमंतू महिलाओं को बांटा गया राशन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** वाइटलकेयर फाउंडेशन द्वारा चेतना बस्ती में घुमंतू महिलाओं को बांटा गया राशन। कार्यक्रम संयोजक सर्वेश्वर शर्मा ने बताया की वाइटलकेयर फाउंडेशन द्वारा जरूरतमंद लोगों को शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार के साथ साथ समय समय पर जरूरत के हिसाब से कभी राशन ,कभी दवा कभी रोजगार कभी भोजन, कंबल आदि वितरित किया जाता हैं, फाउंडेशन द्वारा प्रत्येक महीने में 3-4 बार राशन सामग्री वितरित की जाती है इसी क्रम मे आज चेतना बस्ती जयसिंहपुरा खोर में जरुरतमंद महिलाएं जो घुमंतू समाज से है, जिनके पास कोई रोजगार नहीं है या वृद्ध है या जो कार्य करने में शारीरिक रूप से असमर्थ हैं, उनको राशन सामग्री किट जिसमें आटा, चावल, दालें, मसाले, तेल, बिस्किट आदि शामिल है का वितरण किया गया। इस अवसर पर वाइटलकेयर फाउंडेशन के चेयरमैन प्रवीण शर्मा आध्यत्मिक चिकित्सक तरुण माथुर ,समाजसेवी, संदीप अग्रवाल झंडु आदि उपस्थित रहे।



# अपर्णा एंटरप्राइजेज का विटेरो सेलेक्ट अब डूंगरपुर में

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**डूंगरपुर।** अपर्णा एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने आज राजस्थान के डूंगरपुर जिले के सागवाड़ा में विटेरो सेलेक्ट स्टोर के उद्घाटन की घोषणा की। यह स्टोर धन कुबेर एंटरप्राइजेज के साथ मिलकर खोला गया, जिसका उद्देश्य उभरते बाजारों में विटेरो सेलेक्ट की मौजूदगी को मजबूत करना और ग्राहकों को प्रीमियम व डिज़ाइन-आधारित टाइल्स तक पहुंच को बेहतर बनाना है। यह विस्तार ऐसे समय में हुआ है जब भारत का सिरेमिक टाइल्स उद्योग लगातार बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण तेजी से बढ़ती शहरीकरण और खूबसूरती से बेहतर व टिकाऊ सतहों की बढ़ती मांग है। एक हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यह बाजार 2025 में 10.45 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2026 में 11.30 बिलियन डॉलर और 2031 तक 16.70 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है, जिससे 2026 और 2031 के बीच 8.12% का छ्वत्रक्रदर्ज होगा। इस बढ़त का कारण ग्राहकों की पसंद में बदलाव है, जहां अब लोग प्रीमियम फिनिश, बड़े आकार की टाइल्स और बेहतर डिज़ाइन वाले स्पेस को ज्यादा पसंद कर रहे हैं।डूंगरपुर तेजी से रिहायशी और व्यावसायिक विकास का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन रहा है, जिससे प्रीमियम टाइल्स की मांग बढ़ रही है। ऐसे में विटेरो का यहां आना शहर के विकास और आधुनिक, टिकाऊ निर्माण सामग्री की जरूरत के अनुरूप है। नए स्टोर में विटेरो की टाइल्स की पूरी रेंज उपलब्ध है, जो घर और कमर्शियल दोनों तरह की जरूरतों को पूरा करती है। स्टोर को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहक एक ही जगह पर अलग-अलग डिज़ाइन, फिनिश और साइज आसानी से देख और चुन सकें।विटेरो सिलेक्ट के प्रेसिडेंट - सेल्स, संजय शर्मा ने कहा, 'हमारा विस्तार उन बाजारों पर केंद्रित है जहां मजबूत और लगातार मांग दिखाई दे रही है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि ग्राहकों को हमारे सभी प्रोडक्ट्स आसानी से मिलें और एक भरोसेमंद रिटेल नेटवर्क के माध्यम से बेहतर सेवा मिले। '

# देश में पेट केयर बाजार में तेजी, ई-कॉमर्स पर 50% से अधिक वार्षिक वृद्धि

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** भारत में पेट केयर पर होने वाला खर्च तेजी से बढ़ रहा है और इस क्षेत्र में निरंतर विस्तार दर्ज किया जा रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार पेट केयर इंडस्ट्री लगभग 20 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है। बढ़ती आय, शहरीकरण और पालतू जानवरों की सेहत के प्रति जागरूकता इस वृद्धि के प्रमुख कारण बताए गए हैं।ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट पर भी पेट केयर श्रेणी में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कंपनी के आंकड़ों के अनुसार इस श्रेणी में साल-दर-साल 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। उपभोक्ता कुत्तों और बिल्लियों के साथ-साथ मछलियों, पक्षियों और अन्य पालतू जानवरों के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुओं और प्रीमियम उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैं।

पेट केयर का दायरा अब केवल भोजन और स्वच्छता तक सीमित नहीं रहा। इसमें न्यूट्रिशन, ग्रूमिंग, वेलनेस और एनरिचमेंट जैसे विभिन्न खंड शामिल हो गए हैं। इस बदलाव में जेन जेड और मिलेनियल्स की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फ्लिपकार्ट पर पेट केयर से जुड़ी कुल मांग में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सा इसी वर्ग से आ रहा है।

बेंगलुरु, दिल्ली और कोलकाता जैसे महानगर इस मांग के प्रमुख केंद्र बनकर उभरे हैं, जो कुल ऑर्डर में लगभग 10 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। वहीं मैसूर, देहरादून और कटक जैसे गैर-महानगरीय शहरों में भी पालतू जानवरों को अपनाने और उनके लिए खर्च करने की प्रवृत्ति में वृद्धि देखी जा रही है।

पेट न्यूट्रिशन के क्षेत्र में भी बदलाव दर्ज हुआ है। क्लीन-लेबल, ब्रीड-विशिष्ट और फोर्टिफाइड पेट फूड की मांग में 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही पालतू जानवरों की प्रिवेंटिव केयर पर भी ध्यान बढ़ा है, जिसमें हेल्थ सप्लीमेंट्स और ग्रूमिंग उपकरणों की मांग शामिल है।

# शिक्षा से उड़ान फाउंडेशन ने आमजन को बताई सीपीआर देने की तकनीक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**गंगापुर।** शिक्षा से उड़ान फाउंडेशन गंगापुर के संयोजक इंसाफ खान ने बताया कि वर्तमान में कोरोना महामारी के बाद हार्ट अटैक से बढ़ रही मौतों को लेकर शुक्रवार को आम जन गंगापुर को हार्ट अटैक के लक्षण एवं चिकित्सालय पहुंचने तक सीपीआर देने की प्रक्रिया जो लेकर जागरूक किया इस दौरान लोगों बताया कि सीपीआर देते समय रखें इन बातों का ध्यान एक मिनट में हार्ट को कम-से-कम 60 से 80 बार पंप करना है और 15 से 20 बार मुंह में सांस देनी है।इसका अनुपात 4:1 या 5:1 का होना चाहिए।जैसे व्यक्ति की मिनिमम हार्ट बीट 60 होनी चाहिए और हम हर मिनट में 12 से 18 बार सांस लेते हैं तो इसी हिसाब से कंप्रेशन भी देना है। कंप्रेशन और माउथ-टू-माउथ वेंटिलेशन दोनों जरूरी है क्योंकि मान लीजिए आप कंप्रेशन के जरिए बॉडी में ब्लड तो पहुंचा रहे हैं, लेकिन उस ब्लड में ऑक्सीजन नहीं है तो उसका कोई मतलब नहीं है।

# बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच 230 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय खरीदार आईजीजेएस जयपुर में शामिल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



जयपुर। इंटरनेशनल जेम एंड ज्वैलरी शो (आईजीजेएस) जयपुर 2026 का आयोजन द जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्टस प्रमोशन द्वारा 9 से 11 अप्रैल 2026 तक जयपुर में किया जा रहा है। यह एक्जीबिशन भारतीय निर्माताओं और वैश्विक खरीदारों को एक ही मंच पर जोड़ने का कार्य कर रही है।

आईजीजेएस को एक अत्यंत क्यूरेटेड और बिज़नेस-केंद्रित प्लेटफॉर्म के रूप में पहचाना जाता है, जो वैश्विक रत्न एवं आभूषण व्यापार में भारत की स्थिति को एक प्रमुख सोर्सिंग डेस्टिनेशन के रूप में मजबूत करता है।

इस वर्ष आईजीजेएसजयपुर में 85 कंपनियाँ 110 बूथ्स के माध्यम से अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। साथ ही, 30 देशों से आए 230 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदार इस आयोजन में शामिल हो रहे हैं। इन देशों में अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, यूरोप, लैटिन अमेरिका, ओशिनिया, मिडिल ईस्ट एवं नॉर्थ अफ्रीका , रूस और छ्वद्धस् क्षेत्र शामिल हैं।

यह आयोजन वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बदलते परिदृश्य के बीच भारत के जेम्स और ज्वैलरी सेक्टर के लिए नए व्यापारिक अवसरों को सृजित करने और निर्यात को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

इस एक्जीबिशन का उद्घाटन सीमा शुल्क निवारक विभाग, नई दिल्ली के मुख्य सीमा शुल्क आयुक्त श्री संजय गुप्ता ने जयपुर के सीमा शुल्क आयुक्त श्री आर. के. चंदन, जीजेईपीसी के उपाध्यक्ष श्री शौनक पारिख, जीजेईपीसी के क्षेत्रीय अध्यक्ष (राजस्थान) श्री योगेंद्र गर्ग, जीजेईपीसी के अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों के संयोजक श्री विजय मंगुकिया और जीजेईपीसी के कार्यकारी निदेशक श्री सब्यसाची राय सहित कई विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर बोलते हुए, सीमा शुल्क निवारक विभाग, नई दिल्ली के मुख्य आयुक्त श्री संजय गुप्ता ने कहा, 'मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि जीजेईपीसी वैश्विक मंच पर ब्रांड इंडिया को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। आईजीजेएस जैसे मंच न केवल भारत की विनिर्माण क्षमताओं की गहराई को प्रदर्शित करते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के बीच विश्वास भी बढ़ाते हैं। सीमा शुल्क विभाग के रूप में, हमारी प्रतिबद्धता स्पष्ट है–हम व्यापार को सुगम बनाना, प्रक्रियाओं को सरल बनाना और उद्योग को उसके विकास पथ पर समर्थन देना जारी रखेंगे। '

जयपुर के सीमा शुल्क आयुक्त श्री आर. के. चंदन ने कहा, 'सीमा शुल्क विभाग केवल नियामक ही नहीं है, बल्कि व्यापार को सुगम बनाने वाला भी है। हमारा मुख्य उद्देश्य व्यापार करने में सुगमता लाना और उद्योग के विकास में सहयोग करना है। हम आईजीजेएस के आयोजन में जीजेईपीसी के प्रयासों की सराहना करते हैं, जो वैश्विक खरीदारों और भारतीय निर्माताओं को एक सशक्त मंच पर एकजुट करता है।

इस अवसर पर बोलते हुए, जीजेईपीसी के उपाध्यक्ष श्री शौनक पारिख ने कहा, 'ऐसे समय में जब वैश्विक व्यापार का माहौल भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित है, 230 से अधिक अंतरराष्ट्रीय खरीदारों की मजबूत भागीदारी भारत में एक विश्वसनीय सोर्सिंग पार्टनर के रूप में निरंतर विश्वास को दर्शाती है।

# पार्किंसन के इलाज में नया परिवर्तनः डीबीएस सर्जरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** पार्किंसन रोग को एक जटिल न्यूरोलॉजिकल बीमारी के रूप में समझा जाता है, जिसमें समय के साथ लक्षण धीरे-धीरे बढ़ते हैं। इसमें हाथों का कांपना, मांसपेशियों में जकड़न, चलने में कठिनाई और संतुलन की समस्या शामिल होती है। शुरुआत में दवाओं के जरिए लक्षणों को नियंत्रित किया जाता है, लेकिन लंबे समय के बाद दवाओं का असर सीमित होने लगता है।

ऐसे में डीप ब्रेन स्टिमुलेशन यानी डीबीएस सर्जरी को एक उन्नत उपचार विकल्प के रूप में अपनाया जाता है। अब इस सर्जरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का उपयोग तेजी से बढ़ता देखा जाता है, जिससे इलाज और अधिक सटीक और प्रभावी बनाया जाता है।

**क्या है डीबीएस और कैसे मदद करती है एआई**

डीबीएस सर्जरी में मस्तिष्क के उन हिस्सों को टारगेट किया जाता है, जो मूवमेंट को नियंत्रित करते हैं। इसमें इलेक्ट्रोड्स लगाए जाते हैं, जो असामान्य ब्रेन सिग्नल्स को संतुलित करने का काम करते हैं।

एआई तकनीक इस पूरी प्रक्रिया को और बेहतर बनाने में मदद करती है। एआई आधारित सॉफ्टवेयर मस्तिष्क की इमेजिंग को गहराई से विश्लेषण करता है और सर्जरी के लिए सबसे सटीक जगह की पहचान करता है। इससे सर्जरी की सटीकता बढ़ाई जाती है और जोखिम को कम किया जाता है।

**सर्जरी प्लानिंग में एआई की अहम भूमिका**



डीबीएस सर्जरी से पहले मस्तिष्क की विस्तृत स्कैनिंग की जाती है। इस दौरान एआई एल्गोरिदम इन स्कैन को तेजी और सटीकता से पढ़ता है। यह तकनीक डॉक्टरों को यह समझने में मदद करती है कि इलेक्ट्रोड्स को कहां और किस गहराई तक लगाया जाए।इससे हर मरीज के लिए एक पर्सनलाइज्ड सर्जिकल प्लान तैयार किया जाता है। एआई की मदद से छोटी-छोटी गलतियों को भी कम किया जाता है, जिससे सर्जरी का परिणाम बेहतर होता है।

**स्मार्ट प्रोग्रामिंग और बेहतर रिजल्ट्स**

डीबीएस सर्जरी के बाद डिवाइस की प्रोग्रामिंग एक महत्वपूर्ण चरण माना जाता है। पहले यह प्रक्रिया समय लेने वाली होती है, जिसमें कई बार सेटिंग्स बदलनी पड़ती हैं।

एआई इस प्रक्रिया को आसान बनाता है। यह मरीज के लक्षणों और रिस्पॉन्स को समझकर डिवाइस की सेटिंग्स को अपने आप एडजस्ट करने में मदद करता है। इससे मरीज को जल्दी राहत मिलती है और बार-बार अस्पताल जाने की जरूरत कम होती है।

**रियल टाइम मॉनिटरिंग से मिलती है बेहतर देखभाल**

एआई आधारित सिस्टम मरीज की गतिविधियों और लक्षणों पर लगातार नजर रखता है। यह डेटा डॉक्टरों तक पहुंचाया जाता है, जिससे इलाज में समय-समय पर बदलाव किया जाता है।

इससे मरीज की स्थिति को बेहतर तरीके से ट्रैक किया जाता है और अचानक होने वाले बदलावों को समय रहते संभाला जाता है। इस तरह इलाज अधिक सुरक्षित और प्रभावी बनाया जाता है।

**चुनौतियां और भविष्य की दिशा**

हालांकि एआई के उपयोग से डीबीएस सर्जरी में काफी सुधार देखा जाता है, लेकिन कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं। हर अस्पताल में यह तकनीक उपलब्ध नहीं होती और इसकी लागत भी अधिक होती है। इसके अलावा, तकनीक को सही तरीके से इस्तेमाल करने के लिए विशेषज्ञों की ट्रेनिंग जरूरी होती है।

फिर भी, भविष्य में एआई को पार्किंसन के इलाज का एक अहम हिस्सा बनते हुए देखा जाता है। जैसे-जैसे तकनीक और बेहतर होती है, वैसे-वैसे सर्जरी के परिणाम और भी सटीक और सुरक्षित बनाए जाते हैं।

**समय के साथ स्मार्ट इलाज की ओर बढ़ता कदम**

पार्किंसन के इलाज में डीबीएस सर्जरी पहले से ही एक प्रभावी विकल्प मानी जाती है। अब एआई के जुड़ने से इसे और अधिक उन्नत और मरीज के अनुसार अनुकूल बनाया जाता है।इस बदलाव के साथ इलाज की दिशा स्मार्ट और सटीक होती दिखाई देती है, जहां हर मरीज को उसकी जरूरत के अनुसार बेहतर परिणाम दिया जाता है।

# स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन जयपुर सर्किल द्वारा महत्वपूर्ण ऑफिसर्स मीट का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशन जयपुर सर्किल द्वारा एक महत्वपूर्ण ऑफिसर्स मीट का आयोजन एसबीआई जयपुर के प्रधान कार्यालय मे हुआ । जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीआई जयपुर सर्किल के मुख्य महाप्रबंधक संदीप भटनागर ने एसबीआई के अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि एसबीआई अधिकारी एसोसिएशन के द्वारा अधिकारियों के कल्याण, संवाद और सकारात्मक कार्य वातावरण को मजबूत करने के प्रयासों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि प्रबंधन और एसोसिएशन के बीच सकारात्मक संवाद से बैंक की कार्यसंस्कृति और अधिक सुदृढ़ होती है तथा अधिकारियों के मनोबल को भी बल मिलता है। समारोह के मुख्य वक्ता एवं अतिथि एवं अखिल भारतीय स्तर के नेता कॉमरेड रूपम रॉय, महासचिव, एआईएसबीओएफ एवं एआईबीओसी, ने अपने जयपुर दौरे के दौरान अधिकारियों को संबोधित किया। अपने संबोधन में कॉमरेड रूपम रॉय ने बैंकिंग क्षेत्र में अधिकारियों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने विशेष रूप से विभिन्न मुद्दों से संबंधित मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ते कार्यभार और बदलते परिवेश को देखते हुए अधिकारियों के लिए पाँच दिन का बैंकिंग सप्ताह समय की आवश्यकता है, जिससे कार्य-जीवन संतुलन बेहतर हो सके और कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़े। उन्होंने ने कहा कि अधिकारियों के परिश्रम और प्रदर्शन के अनुरूप उन्हें उचित प्रोत्साहन मिलना चाहिए। इस अवसर पर बैंक प्रबंधन की ओर से जनरल मैनेजर मनीष सिंघल, प्रबुद्ध कुमार तथा डीजीएम एवं सीडीओ प्रदीप्त किशोर पांडा उपस्थित रहे और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।कार्यक्रम के दौरान एसबीआईओए जयपुर सर्किल के अध्यक्ष राजेश आर. जैन तथा महासचिव रामावतार सिंह जाखड़ ने भी अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने बैंक के विकास एवं संगठन की गतिविधियों, अधिकारियों के हितों से जुड़े मुद्दों तथा भविष्य की रणनीति पर अपने विचार साझा किए।

# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा शनिवार, 18 अप्रेल 2026 को कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 आयोजित होगी।

जिला कलक्टर श्री संदेश नायक ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जो दिनांक 16 अप्रेल से 17 अप्रेल 2026 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कार्य करेगा।

कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा 2026 दिनांक 18.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक आयोजित परीक्षा में कुल 40872 अभ्यार्थी सम्मिलित होंगे। जिसके लिए 121 सेन्टर बनाये गए है।

वहीं, परीक्षा के सफल संचालन हेतु नियंत्रण कक्ष 18.04.2026 को प्रातः 09:00 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा।

उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

# रोजदा पंचायत में विद्युत विभाग कार्यालय निर्माण की मांग तेज

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। रोजदा पंचायत मुख्यालय पर सहायक अभियंता (विद्युत) कार्यालय के भवन निर्माण और अधिकारी की पुनः तैनाती को लेकर किसानों और युवाओं का धरना लगातार 638वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है। धरने पर बैठे लोगों का कहना है कि तत्कालीन सरकार ने बजट घोषणा में रोजदा पंचायत मुख्यालय पर सहायक अभियंता कार्यालय भवन निर्माण को स्वीकृति दी थी, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। आरोप है कि विद्युत विभाग ने जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) को 2000 वर्ग गज भूमि के लिए 87 लाख रुपए की डिमांड राशि जमा नहीं कराई, जिससे भवन निर्माण अटका हुआ है।समाजसेवी उत्तम शर्मा ने बताया कि ग्रामीण रोजाना धरने पर बैठ रहे हैं, लेकिन अब तक विद्युत विभाग का कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। इससे लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।



# अम्बेडकर जयंती पर होगे 14 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में भवानी निकेतन शिक्षा समिति परिसर में होने वाले राज्य स्तरीय समारोह सहित 11 से 14 अप्रेल 2026 तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो की आवश्यक तैयारियों के संबंध में संभागीय आयुक्त जयपुर वी. सरवन कुमार की अध्यक्षता में जिला कलक्टर श्री संदेश नायक की उपस्थिति में शुक्रवार को कलक्टर सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुयी।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती को राज्य सरकार की मंशानुरूप भव्यता एवं गरिमा के साथ आयोजित की जाए। उन्होंने राज्यस्तरीय समारोह स्थल पर माकुल सुरक्षा, कानून एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस आयुक्त, आयुक्तालय जयपुर को दिये हैं। उन्होंने पार्किंग स्थल की साफ-सफाई, समारोह स्थल के समतलीकरण, पर्याप्त चल शौचालयों की व्यवस्था, दिव्यांगजनों हेतु पृथक से शौचालयों की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल के विभिन्न मार्गो की साफ-सफाई, कार्यक्रम स्थल पर दमकल वाहनों की व्यवस्था, डस्टबिन रखने व वेस्ट कलेक्शन पॉइंट स्थापित करने के निर्देश आयुक्त नगरपरिषद् को दिये हैं।

उन्होंने समारोह स्थल पर पर्याप्त टेअफिक पुलिस बल तैनात करने ट्रेफिक प्लानिंग, डायवर्जन प्लान तैयार करने, एंट्री एग्जिट और बैरिकेटिंग से यातायात नियंत्रण की व्यवस्था सुनिश्चित करने, के निर्देश पुलिस उपायुक्त यातायात जयपुर को दिए हैं।

उन्होंने समारोह स्थल पर डोम, स्टेज, कुर्सियों सेफ हाउस प्रत्येक ब्लॉक में स्वच्छ पेयजल, साइनेज, पार्किंग एवं सिटिंग प्लान लगवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को दिये हैं।



# खैरथल स्टेशन के पुनर्विकास से आर्थिक अवसरों में होगी वृद्धि

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** खैरथल रेलवे स्टेशन उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में स्थित है। यह स्टेशन स्थानीय कला और आधुनिक डिजाइन का अनूठा मिश्रण प्रस्तुत करता है। खैरथल में बडी अनाज़ और सब्जी मंडी है। यह अलवर जिले का एक प्रमुख व्यापारिक केंद्र है। यह स्टेशन आसपास के क्षेत्रों जैसे किशनगढ बास, तिजारा और खैरथल के यात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी पॉइंट रहा है । खैरथल रेलवे स्टेशन पर 46 ट्रेनों का ठहराव दिया गया है। यहां से औसतन 4830 यात्री प्रतिदिन यात्रा करते हैं।अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत लगभग 12.79 करोड़ रुपये की लागत से किए गए इस कार्य में स्टेशन को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाया गया है। स्टेशन के भवन को पुर्ण रूप ये नवीनीकृत किया गया है । साथ ही स्टेशन भवन में पोर्च का निर्माण भी किया गया है। सर्कुलेटिंग क्षेत्र में सुविधा क्षेत्र को 1200 वर्ग मीटर से बढाकर 3600 वर्ग मीटर किया गया है तथा अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार का प्रावधान किया गया है। दोपहिया और चौपहिया वाहनों के लिए पृथक पार्किंग का प्रावधान किया गया है। 4.19 करोड़ रुपये की लागत से 12 मीटर चौड़ा ऊपरी पैदल पुल (एफओबी) का निर्माण किया गया है जिसमें रेम्प और कवरिंग शेड़ का भी प्रावधान किया गया है। मौजूदा प्लेटफ़ॉर्म शेल्टरों मे 150 वर्ग मीटर का विस्तार किया गया है। प्लेटफॉर्मो के 4197 वर्ग मीटर सतह को नवीनीकृत किया गया है। स्टेशन भवन के अन्दर 300 वर्ग मीटर में कलात्मक चित्र बनाये गये है।

खैरथल रेलवे स्टेशन पर नये प्रतीक्षा कक्ष बनाये गये हैं । आधुनिक फिटिंग के साथ मौजूदा शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण किया गया है। दिव्यांग जनों के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं।

# सैनिक परिवारों के लिए जयपुर के स्कूली छात्रों ने बनाया 'वीरसहारा' ऐप

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने लॉन्च कर सराहा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सैनिकों और उनके परिवारों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और उन तक पहुंच आसान बनाने की दिशा में एक अहम पहल करते हुए जयपुर के स्कूली छात्रोंने 'वीरसहारा' ऐप लॉन्च किया। यह ॅद्ध-समर्थित डिजिटल प्लेटफॉर्म जयश्री पेरीवाल इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12 के दो विद्यार्थि कनिष्क रूंगटा और कृषा रूंगटा ने विकसित किया है। ऐप का लॉन्च राजस्थान सरकार के सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की मौजूदगी में हुआ।

वीरसहारा को इस तरह डिजाइन किया गया है कि पूर्व सैनिक, वीरांगनाएं, आश्रित और शहीद परिवार अपनी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकें और सीधे आवेदन लिंक तक पहुंच सकें। सरल और यूजर-फ्रेंडली इंटरफेस वाले इस प्लेटफॉर्म पर दी गई जानकारी के आधार पर उपयोगकर्ताओं को उन योजनाओं और लाभों से अवगत किया जाता है, जिनके लिए वे पात्र हो सकते हैं। लॉन्च के कुछ ही समय में इस ऐप को उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिलनी शुरू हो गई है और 2000 से अधिक परिवार इस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध जानकारी का लाभ ले चुके हैं।इस मौके पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, 'युवा विद्यार्थियों द्वारा तकनीक को संवेदनशीलता और उद्देश्य के साथ इस्तेमाल करते हुए की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय है। वीरसहारा का डिजाइन अलग है, यह बहुत यूजर-फ्रेंडली है और मौजूदा समय की एक वास्तविक जरूरत को पूरा करता है। यह रक्षा परिवारों को सम्मान, पारदर्शिता और सहजता के साथ जानकारी व लाभ उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। '

कर्नल राठौड़ ने यह भी कहा कि इस तरह के मॉडल को शासन-प्रशासन के अन्य क्षेत्रों में भी अपनाने की संभावनाएं हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
(कार्य व निर्माण)
www.ireps.gov.in
dyceecju@gmail.com
519-CH/26

# एसडीएम ने कस्बे में अतिक्रमण को लेकर व्यापारियों को दिया अल्टीमेटम

## अतिक्रमण मिलने पर अब चेतावनी नहीं बल्कि होगी कार्रवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


» राजाखेड़ा..बाजार में अतिक्रमणकारियों को हिदायत देती एसडीएम मीणा

**राजाखेड़ा।** कस्बे के मैन बाजार में आमजन को हो रही परेशानी को देखते हुए उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा ने बाजार में अतिक्रमण हटाने की खुद कमान संभाली। उपखंड अधिकारी ने व्यापारियों से अपील की सड़क पर अतिक्रमण न करें और व्यापारियों पर खुले में सामग्री वितरण पर भी नाराजगी जताई और उन्हें चेतावनी दी कि भविष्य में भी यदि फिर द्वारा अतिक्रमण किया गया तो आपका प्रति कठोर कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण से आमजन को निकलने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है उसे लेकर उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा के साथ नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी विष्णु कुमार परमार में बाजार होते हुए व्यापारियों को समझाते हुए रामखिलाड़ी चौराहा से निकलकर पुलिस टाउन चौकी पहुंचे। जहां उपखंड अधिकारी द्वारा टाउन चौकी का निरीक्षण किया गया। टाउन चौकी पर एक भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं मिलने पर उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा द्वारा नाराजगी जताई गई। धौलपुर बायपास रोड एवं पिनाहट बायपास रोड पर अतिक्रमण को लेकर भी नाराजगी जताई और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका राजाखेड़ा को मैन बाजार में महिला एवं पुरुषों को शौचालय न होने पर भी नाराजगी जाहिर की तथा साथी शौचालय बनवाने के लिए निर्देश दिए।

शुक्रवार को उपखंडाधिकारी व नगरपालिका की प्रशासक सुशीला मीणा, नवनियुक्त कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी विष्णु परमार ने अस्थायी अतिक्रमणों को हटाने के लिए बाजारों में पैदल निकलकर ठेल ढकेल व व्यापारियों को इन्हें हटाने की कड़ी चेतावनी दी और कहा कि अब निरंतर सर्वे किया जाएगा कोई अतिक्रमण मिलने पर अब चेतावनी नहीं बल्कि कार्यवाही की जाएगी। जिसमें नगरपालिका अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों में पालिका से मुख्य बाजारों ओर बाई पास मार्ग पर नगर भ्रमण कर वास्तविक हालातों को परखा ओर की जाने वाली कानूनी कार्यवाही की रूपरेखा बनाई। मीणा ओर परमार ने लोगों को कहा कि शहर की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद बनाने के लिये आम शहरी को भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना ही होगा। तभी व्यवस्थाओं में अमूल चूल परिवर्तन लाया जा सकता है। बाजारों में गंदगी फैलाने वाले व्यापारियों पर भी उन्होंने कार्यवाही की चेतावनी दी। अतिक्रमण को लेकर अल्टीमेट देने वाले में उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा के साथ नगरपालिका अधिशासी अधिकारी विष्णु कुमार परमार, कर्मचारी मोहर सिंह जादौन, ठेका कर्मी विजय सिंह उर्फ़ बॉबी जादौन सहित नगर पालिका स्टाफ शामिल रहा।

# श्री चित्रगुप्त समिति की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** श्री चित्रगुप्त समिति (कायस्थ समाज) कार्यकारणी की बैठक 12 अप्रैल को श्री चित्रगुप्त मंदिर भामतीपुरा पर सायं 3 बजे आयोजित की जाएगी। श्री चित्रगुप्त समिति के जिला अध्यक्ष राकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि श्री चित्रगुप्त समिति द्वारा समाज के सामुदायिक भवन हेतु भूखंड आवंटन, कायस्थ अविवाहित युवक युवती परिचय सम्मेलन के आयोजन, कायस्थ प्रतिभाओं के सम्मान, समाज की जनगणना एवं अन्य आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाने के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सभी श्री चित्रगुप्त समिति धौलपुर कार्यकारणी एवं गणमान्य कायस्थ समाज के बंधु उपस्थित रहेंगे।

# शहर में धड़ल्ले से हो रही बिना लाइसेंस मेडीकल दुकानों पर दवाओं की बिक्री

### झोलाछाप चिकित्सक भी मेडकिल दुकान खोल कर रहे उपचार, विभागीय अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में भले ही अभी गर्मी का प्रकोप शुरू नहीं हुआ है लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के चलते लगातार हो रही बारिशों के कारण सर्द-गर्म के चलते बीमारियां बढ़ रही हैं। ऐसे में झोलाछाप चिकित्सक भी अब अपनी दुकानों को खोलकर मरीजों को ठगने और उपचार करने के लिए तैयार हो गए हैं। इस बार झोलाछापों ने अपनी चिकित्सा का पैटर्न बदल दिया है और मेडिकल स्टोर की आड़ में झोलाछाप चिकित्सा की जा रही है। शहर में विगत 6 महीने के अंदर मेडिकल स्टोर की दुकानों में यकायक बढ़ोतरी देखी गई है। किराना दुकान की तरह यह मेडिकल की दुकान भी हर गली,मोहल्ले तक पहुंच गई है। जिनमें बिना रजिस्ट्रेशन फार्मासिस्ट के दवाइयां बिक्री हो रही है। अमानक और नकली दवाइयां को भी सरेआम बेचा जा रहा है। झोलाछाप चिकित्स्कों द्वारा मेडिकल स्टोर पर बैठकर मरीजों को परामर्श देते देखा जा सकता हैं .जिसको लेकर औषधि नियंत्रक विभाग के अधिकारी और ड्रग इंस्पेक्टर कोई कार्रवाई नहीं करते। ऐसे में लगता है कि उनकी मिलीभगत से ही सारा खेल चल रहा है।पिछले वर्ष एक झोलाछाप चिकित्सक के गलत उपचार के चलते एक मरीज की जान चली गई थी जिसका मामला कोतवाली थाने में दर्ज हुआ तो चिकित्सा और स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी कलेक्टर की फटकार के बाद हरकत में आये और शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में झोलाछाप चिकित्सकों पर कार्रवाई की गई। जिस पर झोलाछाप चिकित्सक कुछ समय के लिए अपनी दुकानों को बंद कर फरार हो गए लेकिन बाद में अधिकारियों से सांठगांठ के बाद यह झोलाछाप चिकित्सक फिर से शहर में दुकानों को संचालित करते हुए देखे जा रहे हैं। शेर के इन झोलाछाप चिकित्सकों ने या मेडिकल स्टोर का सहारा ले लिया है हर झोला छाप चिकित्सक ने मेडिकल की दुकान डाल ली है और उसमें दवाई बेचने के नाम पर मरीजों का उपचार किया जा रहा है साथ में मरीजों को भर्ती कर भी उपचार दिया जा रहा है।शहर के भारद्वाज मार्केट,अग्रसेन मार्केट की पहलवान वाली गली,तुलसी वन रोड,कसाई पाड़ा, सैपऊ रोड,बचन सिनेमा,बसेड़ी रोड,सभी जगह इन झोलाछाप चिकित्सकों को सरेआम उपचार करते हुए और दवा विक्री करते हुए देखा जा सकता है। जिसको लेकर जिला ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा इन मेडिकल स्टोर की कभी जांच नहीं की गई। अचानक शहर में इतनी संख्या में मेडिकल की दुकान यकायक कैसे खुल रही है इस पर कोई ध्यान दिया जा रहा। सूत्रों की माने तो कि ड्रग्स इंस्पेक्टर की मिलीभगत से मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रहे है। बताया गया है की दवा विक्रेताओं द्वारा अधिकारी का मंथली सुविधा शुल्क एकत्रित कर उनको पहुंचा दिया जाता है।

### होलसेल की दुकानों पर भी दवाइयां की बिक्री

मेडिकल स्टोर के साथ अब होलसेल की दुकानों पर भी खुले में दवाइयां की बिक्री की जा रही है जबकि होलसेल विक्रेता केवल दवाइयां को दवा विक्रेताओं के देने के लिए ही पाबंद है। जिसकी मुख्य वजह संबंधित विभाग की कोई सख्ती या मॉनिटरिंग नहीं होना है। शहर में अब किराना स्टोर की तरह मेडिकल की दुकान दिखाई दे रही हैं। इन मेडिकल स्टोर पर अमानक और नकली दवाइयां भी बेची जा रही है। यहां तक की ब्रांडेड कंपनी के बजाय महंगे दामों में हल्की कंपनी या जेनेरिक दवाइयां मरीज को थमाई जा रही है। कई दवा विक्रेता तो मरीज से बीमारी पूछकर भी दवा देते हुए भी देखे जा सकते हैं। बिना चिकित्सक पर्ची के ही हर दवा इन मेडिकल स्टोरों पर उपलब्ध है।

### इनका कहना है

मामले को लेकर सहायक औषधि नियंत्रक भरतपुर चेतन पवार का कहना है की उनको इस मामले की जानकारी नहीं है। यदि ऐसा है तो वह टीम गठित कर जांच कराएंगे। दवाइयां की बिक्री फार्मासिस्ट ही कर सकता है। ऐसे में सभी दवा दुकानों की जांच होगी। झोलाछापों को लेकर भी कार्रवाई की जाएगी।

# झोपड़ी से निकलकर बड़े दफ्तरों तक पहुंचे सपने


» बाड़ी.. विद्यालय का अवलोकन करते विद्यार्थी व स्टाफगण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** जब एक बच्चा, जिसने अब तक जिंदगी को केवल अभावों में देखा हो...जब वह पहली बार किसी बड़े ऑफिस, बड़े स्कूल या बड़े संस्थान के अंदर कदम रखता है तो सिर्फ उसकी आंखें ही नहीं, बल्कि उसके सपने भी बदल जाते हैं। ऐसा ही एक भावुक और प्रेरणादायक दृश्य देखने को मिला, जब हर घर शिक्षा संस्था ने जिला स्तरीय वार्षिक कौशल बाल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक एवं जीवन बदलने वाला भ्रमण आयोजित किया। इस भ्रमण की सबसे खास बात यह रही कि इसमें कई ऐसे बच्चे शामिल थे, जिनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। कुछ बच्चे ऐसे भी थे जिनके सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है। जो बच्चे कभी अपनी झोपड़ी और छोटे से गांव से बाहर नहीं निकल पाए थे, आज वे बड़े-बड़े ऑफिस, संस्थान और ऐतिहासिक धरोहरों को अपनी आंखों से देख रहे थे। उनके लिए यह सिर्फ एक टूर नहीं, बल्कि 'जिंदगी को नए नजरिए से देखने का पहला मौका' था।

भ्रमण की शुरुआत पुलिस थाना बाड़ी से हुई, जहां थानाधिकारी देवेंद्र कुमार शर्मा ने बच्चों को आत्मीयता से थाना परिसर का भ्रमण कराया। जब बच्चों ने पुलिस अधिकारियों को नजदीक से देखा, उनकी जिम्मेदारियों को समझा, तो कई मासूम आंखों में एक नया सपना जन्म ले चुका था 'एक दिन हम भी वर्दी पहनेंगे।' इसके बाद जब बच्चे पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय पहुंचे, तो वहां का अनुशासन, विशाल परिसर और आधुनिक सुविधाएं उनके लिए किसी सपने से कम नहीं थीं।

प्राचार्य अर्चना सिंह के प्रेरणादायक शब्दों ने बच्चों के मन में यह विश्वास जगा दिया कि गरीबी या परिस्थिति किसी के सपनों की सीमा नहीं बन सकती। केंद्रीय मिलिट्री विद्यालय में बच्चों ने अनुशासन और देशभक्ति को महसूस किया, वहीं सरकारी मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों और विद्यार्थियों से बातचीत कर कई बच्चों के मन में डॉक्टर बनने का सपना जाग उठा।

यह वह पल था, जब बच्चों ने पहली बार खुद को उन जगहों पर खड़ा देखा, जहां पहुंचना वे कभी सोच भी नहीं पाते थे। समाजसेवी मन्नू मीणा जैन द्वारा स्नेहपूर्वक कराए गए भोजन ने इस यात्रा को और भी मानवीय बना दिया–यह एहसास दिलाया कि समाज साथ हो, तो कोई बच्चा पीछे नहीं रह सकता। इसके बाद एसपी कार्यालय में अधिकारियों से सीधा संवाद बच्चों के लिए जीवन का अविस्मरणीय अनुभव बन गया।

एडिशनल एसपी वैभव कुमार शर्मा के प्रेरणादायक शब्दों ने बच्चों को यह भरोसा दिलाया कि वे भी एक दिन इन ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। भ्रमण के दौरान बच्चों ने साइंस म्यूजियम में विज्ञान को समझा और मचकुंड एवं तालाबशाही जैसे ऐतिहासिक स्थलों पर जाकर अपनी विरासत से जुड़ाव महसूस किया। यह अनुभव उनके लिए ज्ञान के साथ-साथ आत्मगौरव का भी स्रोत बना। पूरे दिन बच्चों के चेहरों पर जो खुशी, आश्चर्य और आत्मविश्वास झलक रहा था, वह शब्दों में बयान करना मुश्किल है।

कई बच्चों की आंखों में चमक थी... जैसे उन्होंने पहली बार अपने सपनों को सच होते हुए देखा हो। संस्था के संस्थापक रोहित मीणा ने कहा 'हमारा उद्देश्य सिर्फ पढ़ाना नहीं, बल्कि उन बच्चों को सपने देना है, जिनके पास सपने देखने का भी अवसर नहीं होता। जब एक गरीब बच्चा बड़े ऑफिस में कदम रखता है, तो उसके भीतर यह विश्वास जन्म लेता है कि 'मैं भी यहां तक पहुंच सकता हूँ।' यही विश्वास ही उसके भविष्य की असली शुरुआत है। 'इस पूरे आयोजन में प्रशासन, शिक्षकों, समाजसेवियों और स्थानीय सहयोगियों का सराहनीय योगदान रहा। अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने इस पहल को न केवल एक शैक्षणिक कार्यक्रम, बल्कि गरीब और वंचित बच्चों के जीवन में उम्मीद जगाने वाला ऐतिहासिक प्रयास बताया। हर घर शिक्षा संस्था का यह कदम यह साबित करता है कि अगर समाज मिलकर ठान ले, तो झोपड़ी में रहने वाला बच्चा भी एक दिन बड़े सपनों की उड़ान भर सकता।

# राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन धौलपुर के पुनः बने ओमप्रकाश लोधा जिलाध्यक्ष

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन के संविधान में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी ने धौलपुर जिले से महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय-विरौंधा में कार्यरत ओमप्रकाश लोधा उप प्राचार्य को राधाकृष्णन शिक्षक संघ का पुनः जिलाध्यक्ष के पद पर 5 अप्रैल 2026 को नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी द्वारा जिला शाखा का गठन कर आगामी 15 दिवस में प्रदेश कार्यालय को सूचित करने के निर्देश प्रदान किए हैं। साथ ही जिले की समस्त शाखाओं के ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा उप प्राचार्य ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी द्वारा धौलपुर जिले के जिलाध्यक्ष के रूप में 19 जुलाई 2021 को पहली जिम्मेदारी दी गई थी। जब से अब तक शिक्षक, शिक्षा और शिक्षार्थियों के प्रति निर्वहन की गई जिम्मेदारी, कार्यशैली एवं नेतृत्व को देखते हुए यह जिम्मेदारी पुनः सौंपी गई है। इस अवसर पर शिक्षक वर्ग एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाईयां दी है।

# बसेड़ी के डॉ. संजय गर्ग 'फिजियो प्राइड' से सम्मानित



### राजस्थान फिजियो समिट-2026 : जयपुर में जुटे विशेषज्ञ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बसेड़ी।** बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय 'राजस्थान फिजियो समिट-2026' का भव्य समापन हुआ। 'फिजियोथेरेपी से फिजियोपैथी' थीम पर आधारित इस समिट में देशभर के विशेषज्ञों, शिक्षाविदों और छात्रों ने भाग लेकर फिजियोथेरेपी के आधुनिक स्वरूप, नई तकनीकों और स्वास्थ्य सेवाओं में इसकी बढ़ती भूमिका पर गहन चर्चा की।

उद्घाटन सत्र में वासुदेव देवनानी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने फिजियोथेरेपी को स्वास्थ्य क्षेत्र का महत्वपूर्ण अंग बताते हुए इसके निरंतर विकास और नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। समिट में विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी अपने विचार साझा किए।

समापन समारोह में 40 चिकित्सकों और शिक्षाविदों को 'फिजियो प्राइड' सम्मान से नवाजा गया। इसी क्रम में बसेड़ी निवासी डॉ. संजय गर्ग को फिजियोथेरेपी क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया, जिससे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ। दो दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन आयोजित समारोह में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा एवं डॉ. संजीव झा सहित कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. दीपक सिंह ने बताया कि समिट का उद्देश्य फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन, नवाचार को बढ़ावा देना और चिकित्सकों व छात्रों के बीच संवाद स्थापित करना है।

# भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर पदाधिकारी ने अस्पताल में किया फल वितरण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस


» बाड़ी... अस्पताल में पहल वितरण करते पदाधिकारी।

**बाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा का शुक्रवार को जन्मदिन मनाया गया। भारतीय जनता पार्टी की पदाधिकारी नाजिया खान,आकाश कपरेला एवं अन्य पदाधिकारीयो ने शहर के सामान्य अस्पताल में जन्मदिन मनाया और बढ़ती मरीजों को फल वितरण किया। नाजिया खान ने बताया कि युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामना दी है साथ में अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल एवं बिस्किट्स के पैकेट वितरित किए हैं।

# फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने वालों पर गिरेगी गाज दोषियों को किया जाएगा बर्खास्तः मदन दिलावर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि पंचायती राज विभाग में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके नियुक्तियां हासिल करने वाले व्यक्तियों के मामलों की विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले सभी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान समूह इस मामले की व्यापक जांच कर रहा है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मदन दिलावर शुक्रवार को कोटा के धरणीधर गार्डन में पंचायती राज विभाग के मंत्रिस्तरीय कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में मंत्रिस्तरीय कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। प्रशासनिक सुधारों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने सभी विभागों में लंबित पदोन्नतियों में तेजी लाने के निर्देश जारी किए। परिणामस्वरूप, शिक्षा विभाग में 50,000 से अधिक पदोन्नतियां पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष 25,000 पदोन्नतियां प्रक्रियाधीन हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पंचायती राज विभाग में भी सभी कैडरों में पदोन्नतियां की जा रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि विभागीय पदोन्नति समिति ने हाल ही में 750 मंत्रालयी कर्मचारियों की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है और इसी तरह की प्रक्रिया अन्य विभागों में भी लागू की जा रही है। संस्कृत शिक्षा विभाग में सभी श्रेणियों में पदोन्नति पूरी हो चुकी है। मंत्री ने यह भी घोषणा की कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के जवाब में पंचायती राज विभाग में एक कैडर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जयपुर पहुंचने के बाद, मैं अधिकारियों को इस मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करूंगा। कार्यक्रम का गर्मजोशी से स्वागत किया गया, जिसमें मंत्री के कर्मचारी संघ के सदस्यों ने नारे लगाकर और तालियां बजाकर मंत्री का स्वागत किया। हाल ही में पदोन्नति के निर्णयों के लिए उन्हें 51 किलोग्राम की पुष्पमाला भेंट की गई। राजस्थान के विभिन्न जिलों के कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। कोटा जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल भी अन्य विभागीय प्रतिनिधियों के साथ मंच पर उपस्थित थे।

## उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी की शिष्टाचार भेंट

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से शुक्रवार को भारतीय संविधान के सिन्धी भाषा में विमोचन समारोह से पूर्व उप राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की । विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने उप राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को राज्य विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित ''संसदीय संस्कृति का उत्कर्ष-नवाचारों के 2 वर्ष'' पुस्तक और विधान सभा की दैनंदिनी भेंट की। इस अवसर पर केन्द्रीय विधि और न्याय राज्य (स्वतन्त्र प्रभार) और संसदीय कार्य राज्य मन्त्री अर्जुन राम मेघवाल, इन्दौर से सांसद शंकर लालवानी भी मौजूद थे। देवनानी ने उप राष्ट्रपति को बताया कि इस दैनंदिनी में राजस्थान के गठन से वर्तमान विधानसभा की विभिन्न गतिविधियों के चित्रों को प्रकाशित किया गया है। विशेष कर 30 मार्च 1949 को देश के तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा जयपुर के तत्कालीन महाराजा मानसिंह को राजप्रमुख की शपथ दिलवाने और देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा राज्य विधान सभा के सदस्यों को सम्बोधित किए जाने आदि महत्त्वपूर्ण घटनाओं के चित्र भी प्रकाशित किए गए है।

# अन्नपूर्णा रसोई में गड़बड़ी पर बड़ी कार्रवाईः आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर संस्था ब्लैकलिस्ट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने अन्जुमन विकास संस्थान को ब्लैकलिस्ट कर दिया है। यह कार्रवाई आयुक्त ओम कसेरा के निर्देशों के तहत की गई है। डुप्लीकेट और गलत कूपन का मामला जानकारी के अनुसार, संबंधित संस्था द्वारा दोहरे, डुप्लीकेट और गलत कूपन काटे जाने की शिकायतें सामने आई थीं। जांच में गड़बड़ी पाए जाने के बाद यह कड़ा कदम उठाया गया। संस्था को ब्लैकलिस्ट करने का निर्णय जिला स्तरीय समन्वय एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में योजना के संचालन और पारदर्शिता को लेकर गंभीर चर्चा की गई। नगर निगम ने साफ संकेत दिया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अन्नपूर्णा रसोई जैसी योजनाएं गरीब और जरूरतमंद लोगों से जुड़ी हैं, इसलिए इसमें पारदर्शिता और ईमानदारी अनिवार्य है। निगम प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में ऐसी अनियमितताओं को रोकने के लिए मॉनिटरिंग को और मजबूत किया जाएगा और दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई निविदा सूचना**

मण्डल रेल प्रबंधक (टीआरडी एवं जीएसयू), उत्तर-पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिए दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। 1. निविदा संख्या: मं. रे. प्र.-टीआरडी-01-2026-27 कार्य का नाम: AII/TRD-TRD work in connection with packing saddle erection, provision of Polycarbonate Anti bird disc & standard OHE key box. अनुमानित लागत: Rs. 1,38,48,746.12/- बयाना राशि: Rs. 2,77,000/- ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:- 29.04.2026 को 15.00 बजे ई निविदायें खोलने की तिथि व समय: 29.04.2026 को 15:30 बजे 2. निविदा संख्या: मं. रे. प्र.-टीआरडी-02-2026-27 कार्य का नाम: TRD work in c/w the provision of a shunting neck connected with pit and sick lines and an engine holding line connected with ART line at Udaipur station. अनुमानित लागत: Rs. 1,85,80,451.00/- बयाना राशि: Rs. 3,71,600/- ई निविदायें बन्द होने की तिथि व समय:- 29.04.2026 को 15.00 बजे ई निविदायें खोलने की तिथि व समय:- 29.04.2026 को 15:30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट का पता - www.ireps.gov.in संख्या: E office - E-281198 & E-206290 दिनांक 08.04.2026 508-AJ/26

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई निविदा सूचना**

वरि. मंडल बिजली इंजीनियर/टीआरडी, उ. प. रेलवे बीकानेर, भारत के राष्ट्रपति के वास्ते व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। 1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: http://www.ireps.gov.in 2. ई-निविदाएं बंद होने की तिथि व समय: 04.05.2026 को 15.00 बजे तक 3. ई-निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 04.05.2026 को 15.00 बजे के बाद Tender Notice No.: 40-TRD-BKN-E Tender-2025-26R Name of work: TRD modification work in c/w Implementation & execution of non-power block activities pertaining to safety & reliability of 25 KV traction system. Approx Cost of the work: 2,34,02,352.63 EMD/SD (Rupees): 4,68,100.00 सं. 40-TRD-BKN-ETender-2025-26R DT. 08.04.2026 508-AJ/26

**कार्यालय ग्राम पचांयत पुजारी का बास पंचायत समिति खण्डेला (सीकर) राज.**

क्रमांक ग्रा.प./सामग्री / निविदा/2026-27/59 दिनांक 08.04.2026

ई-उपापन निविदा सूचना संख्या 01/2026-27

ग्राम पंचायत पुजारी का बास पचायत समिति खण्डेला वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत में महानरेगा योजना तथा अन्य सभी विकास योजनाओं में करवाये जाने वाले निमार्ण कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु खुली प्रतियोगी बोली के माध्यम से दर संविदा हेतु ई-उपापन द्वि-प्रकमी बोली आंमत्रित की जाती है। राजस्थान वेट अधिनियम 2003 एवं जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अन्तगर्त पंजीकृत / प्राधिकृत एवं अनुभवी विनिर्माता, थोक विक्रेता एवं अधिकृत डिलर्स एवं फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये मान्य होगी। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in, http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। उक्त कार्य के

NIB Code - PIT2627A0009
UBN NUMBER-PIT2627GL RC00021

| | |
|---|---|
| ग्राम विकास अधिकारी | प्रशासक |
| ग्राम पंचायत पुजारी का बास | ग्राम पंचायत पुजारी का बास |
| पं.स खण्डेला | पं.स खण्डेला |

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सूचना संख्या : T-02-N-2026-27 दिनांक : 08.04.2026

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

टेन्डर संख्या : T 02 N 2026 27 | कार्य की अनुमानित लागत : Rs. 4178637.17

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधि : आगरा मंडल में विभिन्न स्टेशनों (DHO-225KL और 50KL, BHA-110KL, JJ-225KL, SSD-110KL, HAB-110KL) पर पाइपलाइन व्यवस्था ओएचटी (ओवरहेड टैंक) की आपूर्ति के लिए विद्युतीकरण कार्य।

कार्य पूर्ण करने की अवधि - 08 माह

पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग लेने हेतु Indian Railways Website www.ireps.gov.in देखें। टेन्डर केवल वेब पोर्टल Indian Railways Website www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दिनांक 30.04.2026 तक टेन्डर डाल सकते हैं। 77/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in CPRONCR




cmyk

## संपादकीय

# बदलता परिदृश्य

डॉ विजय गर्ग

समय के साथ समाज, संस्कृति, अर्थव्यवस्था और तकनीक–सभी क्षेत्रों में निरंतर परिवर्तन होता रहता है। यही परिवर्तन एक नए परिदृश्य का निर्माण करता है, जो हमारे जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है। आज का बदलता परिदृश्य पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज़, जटिल और बहुआयामी है।

सबसे प्रमुख बदलाव तकनीकी क्षेत्र में देखने को मिलता है। इंटरनेट, स्मार्टफोन और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने हमारे जीवन को पूरी तरह बदल दिया है। जहाँ पहले सूचनाएँ प्राप्त करना कठिन था, वहीं आज एक क्लिक पर दुनिया की जानकारी उपलब्ध है। शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और मनोरंजन–हर क्षेत्र में डिजिटल क्रांति ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हालांकि, इसके साथ ही डिजिटल असमानता और निजता की चुनौतियाँ भी सामने आई हैं।

सामाजिक परिदृश्य भी तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक मूल्य और आधुनिक सोच के बीच संतुलन बनाने की कोशिश जारी है। संयुक्त परिवारों की जगह एकल परिवारों का बढ़ना, महिलाओं की बढ़ती भागीदारी, और युवाओं के बदलते दृष्टिकोण–ये सभी बदलाव समाज की नई तस्वीर पेश करते हैं। साथ ही, सामाजिक मीडिया ने लोगों को जोड़ने के साथ-साथ कई बार उन्हें अलग-थलग भी किया है।

आर्थिक क्षेत्र में भी बदलाव स्पष्ट है। वैश्वीकरण और उदारीकरण ने व्यापार और रोजगार के नए अवसर प्रदान किए हैं। स्टार्टअप संस्कृति का उदय, फ्रीलांसिंग और गिग इकॉनमी का बढ़ना, युवाओं के लिए नए रास्ते खोल रहा है। लेकिन इसके साथ ही रोजगार की अस्थिरता और प्रतिस्पर्धा भी बढ़ी है।

पर्यावरणीय दृष्टि से भी परिदृश्य चिंताजनक है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध उपयोग हमारी पृथ्वी के भविष्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। यह आवश्यक है कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी समान महत्व दिया जाए।

अंततः, बदलता परिदृश्य हमें चुनौतियों के साथ-साथ अवसर भी प्रदान करता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इन परिवर्तनों को कैसे अपनाते हैं। यदि हम सकारात्मक सोच, नवाचार और संतुलन के साथ आगे बढ़ें, तो यह बदलता परिदृश्य एक उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

# नीट यूजी से परे वैकल्पिक मार्गः भारत में चिकित्सा करियर पर पुनर्विचार

> हालांकि यह एक मानकीकृत चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, लेकिन तीव्र प्रतिस्पर्धा, सीमित सीटें और उच्च दबाव के कारण कई सक्षम छात्र अक्सर विकल्पों की तलाश में रहते हैं। सौभाग्य से, उन लोगों के लिए कई तरह के रास्ते मौजूद हैं जो नीट की परीक्षा पास किए बिना स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान में सार्थक करियर बनाना चाहते हैं।

डॉ विजय गर्ग

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) भारत में स्नातक चिकित्सा शिक्षा प्राप्त करने की आकांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए प्राथमिक द्वार बन गया है। हालांकि यह एक मानकीकृत चयन प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, लेकिन तीव्र प्रतिस्पर्धा, सीमित सीटें और उच्च दबाव के कारण कई सक्षम छात्र अक्सर विकल्पों की तलाश में रहते हैं। सौभाग्य से, उन लोगों के लिए कई तरह के रास्ते मौजूद हैं जो नीट की परीक्षा पास किए बिना स्वास्थ्य देखभाल और जीवन विज्ञान में सार्थक करियर बनाना चाहते हैं।

1। संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञानः स्वास्थ्य देखभाल क्षितिज का विस्तार संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान अनेक कैरियर विकल्प प्रदान करता है जो रोगी देखभाल और चिकित्सा सहायता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फिजियोथेरेपी में स्नातक (बीपीटी), व्यावसायिक चिकित्सा में स्नातकोत्तर (बीओटी), मेडिकल प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी (बीएमएलटी), तथा रेडियोलॉजी और इमेजिंग टेक्नोलॉजी जैसे पाठ्यक्रम उत्कृष्ट विकल्प हैं। ये पेशेवर डॉक्टरों के साथ मिलकर काम करते हैं और निदान, पुनर्वास और उपचार के लिए आवश्यक होते हैं।

2। नर्सिंगः एक महान और पुरस्कृत पेशा नर्सिंग स्वास्थ्य देखभाल में सबसे सम्मानित व्यवसायों में से एक है। छात्र बी.एससी कर सकते हैं। कई संस्थानों में एनईईटी के बिना नर्सिंग या जनरल नर्सिंग और मिडवाइफरी (जीएनएम) कार्यक्रम। बढ़ती वैश्विक मांग के साथ, नर्सिंग भारत और विदेश दोनों में स्थिर कैरियर अवसर प्रदान करता है।

3। फार्मेसीः चिकित्सा और अनुसंधान को जोड़ना फार्मेसी में स्नातक (बी.फार्म) एक और आशाजनक विकल्प है। फार्मासिस्ट दवाओं के निर्माण, विकास और वितरण में विशेषज्ञ होते हैं। दवा उद्योग के उदय के साथ, यह क्षेत्र अनुसंधान, गुणवत्ता नियंत्रण और स्वास्थ्य सेवा में अवसर प्रदान करता है।

4। जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान अनुसंधान और नवाचार की ओर झुकाव वाले छात्रों के लिए जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्मजीव विज्ञान और जैव रसायन उत्कृष्ट क्षेत्र हैं। ये विषय चिकित्सा प्रगति, वैक्सीन विकास और रोग अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। स्नातक प्रयोगशालाओं, अनुसंधान संस्थानों और बायोटेक कंपनियों में काम कर सकते हैं।

5। आयुष पाठ्यक्रमः चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियां भारत आयुष्मा (आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, उनानी, सिद्धा और होम्योपैथी) के अंतर्गत विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करता है। बीएएमएस (आयुर्वेद), बीएचएमएस (होम्योपैथी) और बीयूएमएस (उनानी) जैसे कार्यक्रम वैकल्पिक चिकित्सा शिक्षा प्रदान करते हैं। इनमें से कुछ के लिए ह्श्वश्वञ्ज की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन प्रवेश नीतियां अलग-अलग हो सकती हैं, जिससे इन पर विचार करना उचित होगा।

6। पैरामेडिकल पाठ्यक्रमः स्वास्थ्य देखभाल में त्वरित प्रवेश पैरामेडिकल विज्ञान में डिप्लोमा और डिग्री पाठ्यक्रम छात्रों को स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में शीघ्र प्रवेश करने का अवसर प्रदान करते हैं। आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, डायलिसिस प्रौद्योगिकी और ऑपरेशन थियेटर प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों की अत्यधिक मांग है।

7। मनोविज्ञान और मानसिक स्वास्थ्य करियर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में बढ़ती जागरूकता के साथ, मनोविज्ञान एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभरा है। छात्र मनोविज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त कर सकते हैं और बाद में नैदानिक या परामर्श मनोविज्ञान में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं, जिससे मानसिक स्वास्थ्य में योगदान मिलता है।

8। विदेश में चिकित्सा का अध्ययन करना कुछ छात्र रूस, यूक्रेन या फिलीपींस जैसे देशों में एमबीबीएस करने पर विचार करते हैं, जहां प्रवेश प्रक्रिया भिन्न हो सकती है। हालाँकि, उन्हें भारत में अभ्यास करने के लिए अभी भी स्क्रीनिंग परीक्षणों से अर्हता प्राप्त करनी होगी, इसलिए इस विकल्प का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन करना महत्वपूर्ण है।

प्रौद्योगिकी और नवाचारः जहां इंजीनियरिंग का सामना चिकित्सा से होता है यदि आप सिर्फ 'कौन' के बजाय चिकित्सा के 'कैसे' से प्रभावित हैं, तो प्रौद्योगिकी और जीव विज्ञान का अंतर्संबंध 2026 की सबसे रोमांचक सीमा है। बायोमेडिकल इंजीनियरिंगः कृत्रिम अंग, कृत्रिम अंग और उन्नत सर्जिकल रोबोट का डिजाइन। जैव सूचना विज्ञान और एआईः रोग के प्रकोप की भविष्यवाणी करने या कैंसर उपचार को व्यक्तिगत बनाने के लिए डेटा का उपयोग करना। यह क्षेत्र वर्तमान में बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे केंद्रों में भारी भर्ती वृद्धि देख रहा है, जहां वरिष्ठ भूमिकाएं ?1520 एलपीए से अधिक हैं। आनुवंशिक इंजीनियरिंगः वंशानुगत बीमारियों को ठीक करने के लिये सीआरआईएसपीआर और जीन थेरेपी पर काम करना।3। उपचार का व्यवसायः प्रशासन और सार्वजनिक स्वास्थ्य सभी मेडिकल हीरो किसी क्लिनिक में काम नहीं करते। कुछ लोग ऐसी प्रणालियां डिजाइन करते हैं जो एक साथ हजारों लोगों की जान बचाती हैं। अस्पताल प्रशासन (बीएचए/एमएचए) आधुनिक अस्पताल बहु-मिलियन डॉलर के उद्यम हैं। अस्पताल प्रशासक इन संस्थानों के रसद, वित्त और गुणवत्ता मानकों (जैसे एनएबीएच) का प्रबंधन करते हैं। यह स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में एक उच्च दांव वाली कॉर्पोरेट भूमिका है।

सार्वजनिक स्वास्थ्य और महामारी विज्ञान महामारी के बाद की दुनिया ने सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों पर अधिक ध्यान दिया है। डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ या भारतीय सरकार जैसे संगठनों के साथ काम करते हुए, ये पेशेवर स्वास्थ्य प्रवृत्तियों का विश्लेषण करते हैं और बड़े पैमाने पर टीकाकरण और पोषण कार्यक्रम तैयार करते हैं।

वैकल्पिक चिकित्साः एकीकृत विकास आयुष मंत्रालय के माध्यम से सरकारी प्रयासों के साथ, चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियां पुनः उभर रही हैं। बीएएमएस (आयुर्वेद) और बीएचएमएस (होमियोपैथी) जैसी डिग्रियां अब 'बैकअप' नहीं हैं वे अब एक एकीकृत स्वास्थ्य देखभाल मॉडल का हिस्सा हैं, जहां मरीज पारंपरिक चिकित्सा के साथ-साथ समग्र उपचार चाहते हैं। मुख्य अंतर्दृष्टिः 2026 में, कई निजी क्लीनिक कल्याण और निवारक चिकित्सा शाखाओं का नेतृत्व करने के लिए बीएएमएस चिकित्सकों को नियुक्त कर रहे हैं, जो भारत में एक बहु-अरब डॉलर उद्योग बन गया है। अपना मार्ग चुननाः एक निर्णय ढांचा अपने चिकित्सा करियर पर पुनर्विचार करते समय, स्वयं से पूछें कि आपकी सच्ची रुचि कहां है रोगी संपर्कः यदि आप लोगों की सीधे मदद करना पसंद करते हैं, लेकिन आपको एमबीबीएस नहीं मिला है, तो फिजियोथेरेपी, नर्सिंग या क्लिनिकल साइकोलॉजी को देखें।

प्रयोगशाला और अनुसंधानः यदि आप पर्दे के पीछे का विज्ञान पसंद करते हैं, तो मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी (एमएलटी) या जैव प्रौद्योगिकी आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प है। उच्च तकनीक उपकरणः यदि आप जटिल मशीनरी का संचालन करना पसंद करते हैं, तो रेडियोलॉजी या कार्डियक केयर टेक्नोलॉजी आपके लिए बेहतरीन कैरियर मार्ग प्रदान करती है। नेतृत्व और नीतिः यदि आपके पास विश्लेषणात्मक दिमाग है, तो अस्पताल प्रशासन या सार्वजनिक स्वास्थ्य का पता लगाएं।

निष्कर्ष नीट-यूजी एक महत्वपूर्ण परीक्षा है, लेकिन यह स्वास्थ्य देखभाल में सफल करियर का एकमात्र रास्ता नहीं है। चिकित्सा क्षेत्र विशाल और विविध है, जो विभिन्न रुचियों और क्षमताओं के अनुरूप अनेक अवसर प्रदान करता है। नीट को सफलता का एकमात्र निर्धारक मानने के बजाय, छात्रों को वैकल्पिक मार्गों की खोज करनी चाहिए जो उनकी शक्तियों और आकांक्षाओं के अनुरूप हों। सही विकल्प और समर्पण के साथ, कोई भी व्यक्ति नीट से परे स्वास्थ्य सेवा की दुनिया में एक संतुष्टिदायक और प्रभावशाली करियर बना सकता है।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

# तीन देशों के अहंकार में फंसी दुनिया, युद्ध नहीं, तेल-गैस की चिंता ने बढ़ाई वैश्विक बेचैनी

इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में वैश्विक राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां 'शक्ति ही सत्य है' की अवधारणा पुनर्जीवित हो गई है। दुनिया का सबसे धनी देश और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का सबसे बड़ा वित्तपोषक होने के नाते अमेरिका ने स्वयं को एक ऐसे 'वैश्विक दारोगा' के रूप में स्थापित कर लिया है, जिसे रोकने का साहस वर्तमान में किसी भी अंतरराष्ट्रीय इकाई के पास नहीं दिखता।संयुक्त राष्ट्र से लेकर विश्व बैंक तक, अधिकांश संस्थाएं अमेरिकी संसाधनों पर टिकी हैं। ऋण के जाल में फंसे देश हों या व्यापारिक समझौतों की बैसाखियों पर टिकी अर्थव्यवस्थाएं, कोई भी अमेरिका की नीतियों के विरुद्ध स्वर मुखर करने की स्थिति में नहीं है। इसी वर्चस्व की अगली कड़ी ईरान और अमेरिका-इजराइल के सैन्य संघर्ष के रूप में एक महीने से भी अधिक समय तक दिखती रही। मगर अब अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के अस्थायी युद्धविराम पर समझौता हुआ है। इसके बाद उम्मीद की जानी चाहिए कि स्थायी शांति की राहें निकलेंगी। यह सहमति बीते कई दिनों से जारी भीषण संघर्ष के बाद एक अहम मोड़ मानी जा रही है। इसकी मुख्य शर्तों के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर होने वाले सभी सैन्य हमलों को दो सप्ताह के लिए निलंबित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही इजराइल ने भी ईरान के विरुद्ध अपने सैन्य अभियानों को रोकने पर सहमति जताई है। दूसरी ओर, ईरान होर्मुज जलमार्ग को खोलने के लिए सहमत हो गया है। जहाजों की आवाजाही ईरानी सैन्य प्रबंधन के तहत होगी। इस समझौते में पाकिस्तान ने मुख्य मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। ईरान ने जो दस सूत्री प्रस्ताव दिया है, यह समझौता उसी पर आधारित है, जिसे अमेरिका ने चर्चा के लिए स्वीकार किया है। इसमें ईरान पर प्रतिबंधों को हटाने और उसे मुआवजा देने जैसी मांगें शामिल हैं। हालांकि इजराइल ने स्पष्ट किया है कि उसकी कार्रवाई लेबनान के विरुद्ध जारी रह सकती है। यह समझौता ट्रंप द्वारा दी गई उस समय सीमा के खत्म होने से कुछ ही घंटे पहले हुआ, जिसमें उन्होंने ईरान की सभ्यता को पूरी तरह नष्ट करने की धमकी दी थी। भूमध्य सागर के समीप खाड़ी क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा का हृदय स्थल है। यहां सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर जैसे देश न केवल ऊर्जा के अग्रणी उत्पादक हैं, बल्कि अमेरिका के रणनीतिक साझेदार भी हैं। अमेरिका ने अपनी कूटनीति से इन देशों को अपने हितों के अनुरूप साध लिया है, लेकिन ईरान इस समीकरण में हमेशा उसके लिए एक कांटा बना रहा। उसके परमाणु अनुसंधान में लिप्त होने और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना करने की आशंका अमेरिका के लिए सिरदर्द बनी हुई थी। समय के साथ अमेरिका का नेतृत्व बदला, तो डोनाल्ड ट्रंप के कड़े निर्णयों और दूसरों से अलग चलने की उनकी नीति ने इस सुलगती आग में घी का काम किया। फरवरी के अंतिम दिनों में इजराइल को ढाल बना कर अमेरिका ने जो मिसाइल हमला शुरू किया, उसने ईरान को सीधे युद्ध के मैदान में खींच लिया।

पिछले एक महीने से ज्यादा समय से पश्चिमी एशिया भीषण युद्ध का साक्षी है। अमेरिका ने ईरान के तेल और गैस संयंत्रों को निशाना बना कर उसकी आर्थिक रीढ़ तोड़ने की कोशिश की। इससे पूरी दुनिया को होने वाली तेल-गैस की आपूर्ति का ढांचा बुरी तरह ढह गया। ईरान ने भी बदला लेने की नीति अपनाई। प्रतिक्रिया स्वरूप उसने सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और कतर से होने वाली नियमित वैश्विक आपूर्ति शृंखला को भी बाधित कर दिया। अब कुछ समय के लिए युद्धविराम से तेल संकट दूर होने की उम्मीद की जा सकती है।

पिछले कई दिनों तक चले युद्ध में सबसे विचलित करने वाली खबर ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और उनके परिवार से जुड़ी रही। अमेरिकी हमलों में खामेनेई, उनकी पत्नी और शीर्ष सैन्य अधिकारियों के मारे जाने या गायब होने की खबरों ने ईरान में प्रतिशोध की ज्वाला को और भड़का दिया था। नए ईरानी नेतृत्व ने अपनी पूरी सैन्य शक्ति झोंकते हुए खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा केंद्रों को भारी क्षति पहुंचाई। इजराइल और अमेरिका को भी इस युद्ध में ईरान से कम नुकसान नहीं हुआ। अमेरिका की कार्रवाई के पीछे चार मुख्य उद्देश्य स्पष्ट थे। पहला, परमाणु शक्ति पर अंकुश। ईरान को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनने से रोकना। दूसरा, आतंकवाद का समूल नाश। अमेरिका की दृष्टि में ईरान समर्थित आतंकी गुट वैश्विक शांति के लिए खतरा हैं, जिन्हें वह जड़ से उखाड़ना चाहता है। तीसरा, सत्ता परिवर्तन। ईरानी जनता के एक वर्ग में खामेनेई शासन के प्रति असंतोष को भुना कर अमेरिका वहां एक 'अनुकूल' शासन व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। चौथा, ऊर्जा संसाधनों पर आधिपत्य। अमेरिका का सबसे बड़ा उद्देश्य ईरान के विशाल तेल और गैस भंडारों पर अपना नियंत्रण स्थापित करना है, ताकि वैश्विक ऊर्जा बाजार की चाबी पूरी तरह उसके पास हो।इस युद्ध का सबसे दुखद पहलू यह रहा कि तीन देशों के इस अहंकार में पूरी दुनिया की आर्थिक व्यवस्था और ऊर्जा शृंखला पर गंभीर असर पड़ा। राहत की बात केवल इतनी रही कि अभी तक कोई चौथा देश प्रत्यक्ष रूप से युद्ध के मैदान में नहीं उतरा।

न तो नाटो अमेरिका की ओर से खुल कर आया और न ही रूस या चीन ने ईरान के पक्ष में सीधे अपनी सेनाएं उतारीं। भारत जैसे देश, जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए खाड़ी पर निर्भर हैं, वे तटस्थ रहे। भले ही रूस, चीन और उत्तर कोरिया प्रत्यक्ष रूप से युद्ध में नहीं उतरे, किंतु उनकी भूमिका निष्क्रिय भी नहीं थी। वे अमेरिका और इजराइल को युद्ध रोकने की चेतावनी देते रहे।दुनिया भर के देशों की मंशा को बारीकी से परखा जाए, तो एक कटु सत्य सामने आता है। अधिकांश देशों को इस बात से वास्तव में बहुत ज्यादा सरोकार नहीं दिखता कि अमेरिका को कितना नुकसान हुआ या ईरान में कितने लोग मारे गए। उनकी वास्तविक चिंता तेल और गैस की सुचारु आपूर्ति को लेकर है। दुनिया को डर है कि यदि ईरान ने प्रतिशोध में पूरे खाड़ी क्षेत्र के तेल कुओं को तबाह कर दिया, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था का पहिया थम जाएगा। ईरान और खाड़ी क्षेत्र के ये संयंत्र केवल उन देशों की संपत्ति नहीं हैं, बल्कि वे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के सबसे बड़े केंद्र हैं। यदि यह स्रोत सूख गया, तो विकसित से लेकर विकासशील राष्ट्रों तक, सभी का राष्ट्रीय शासन और अर्थव्यवस्था ताश के पत्तों की तरह ढह जाएगी।

# युद्धविराम या नई जंग की शुरुआत, लेबनान हमले के बाद फिर बढ़ी पश्चिम एशिया में तनाव की आशंका

> विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इजराइल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इजराइल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। जबकि इस बीच इजराइल और अमेरिका की ओर से जिस तरह की बेलगाम बयानबाजियां जारी रहीं,

पश्चिम एशिया में युद्ध से उपजे संकट के बीच यह पहला मौका था, जब ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। मगर इजराइल ने बुधवार को ही जिस तरह लेबनान पर हमला किया, उससे साफ है कि युद्धविराम में उसकी कोई दिलचस्पी नहीं है। गौरतलब है कि लेबनान पर इजराइली हमले में दो सौ से ज्यादा आम लोग मारे गए।

विचित्र है कि ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका और इजराइल साझा मोर्चे के तहत हमले कर रहे थे, लेकिन जब दोनों पक्षों के बीच युद्धविराम पर सहमति बनी, तो उसे ठोस आकार देने के बजाय इजराइल ने समझौते को तोड़ने की पृष्ठभूमि बनानी शुरू कर दी। जबकि इस बीच इजराइल और अमेरिका की ओर से जिस तरह की बेलगाम बयानबाजियां जारी रहीं, उससे पहले ही हालात और बिगड़ने की आशंका बनी हुई थी। विडंबना यह भी है कि लेबनान पर इजराइल के हमले के बाद अब ईरान ने फिर से होर्मुज जलमार्ग को बंद करने की घोषणा की है।

निश्चित रूप से ईरान के इस रुख को उसकी प्रतिक्रिया कहा जा सकता है, लेकिन सवाल है कि इस समूचे परिदृश्य में किसी भी पक्ष की जिद और अकड़ का नतीजा क्या निकल रहा है! इजराइल और अमेरिका ने जिस दिन ईरान पर साझा हमला किया था, तभी से यह आशंका बनी हुई थी कि इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा। इसके बाद ईरान ने स्वाभाविक ही रणनीति के तहत होर्मुज जलमार्ग को बाधित कर दिया और उसके बाद दुनिया के ज्यादातर देशों में प्राकृतिक तेल और गैस की आपूर्ति रुक गई। जिन देशों के पास इसके विकल्प थे, वहां के हालात अपेक्षया नियंत्रण में रहे, लेकिन भारत सहित बहुत सारे ऐसे देश हैं, जहां पेट्रोल-डीजल से लेकर रसोई गैस का संकट पैदा हो गया और आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।ऐसे में युद्धविराम की घोषणा के बाद यह उम्मीद जगी थी कि अब होर्मुज जलमार्ग के खुलने से जहाजों की आवाजाही का रास्ता खुलेगा और स्थिति सुधरेगी। मगर लेबनान पर इजराइल के ताजा हमले में जिस तरह बड़े पैमाने पर आम लोगों की मौत की खबर आई है और उसके बाद ईरान ने जैसी प्रतिक्रिया दी है, उससे एक बार फिर शांति की उम्मीदों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

सवाल है कि अगर युद्धविराम की शर्तों में लेबनान पर भी इजराइली हमले रोकना शामिल था, तो इस पर अमल के बजाय इसे ताक पर रख कर नागरिक ठिकानों को निशाना बनाने के पीछे कौन-सी मंशा काम कर रही है। यही नहीं, इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने यह भी कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो इजराइल फिर से ईरान के खिलाफ लड़ाई शुरू करेगा। खुद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जिस भड़काऊ लहजे में बात कर रहे हैं, उसे कैसे देखा जाएगा?

हैरानी की बात है कि ट्रंप युद्धविराम और उसकी शर्तों पर सहमति जताने के बाद लेबनान पर हमले के मसले को समझौते से अलग बताते हैं। क्या इसे शांति के लिए हुई पहलकदमी को कमजोर करने की तरह नहीं देखा जाएगा? दूसरी ओर, ईरान ने कहा कि युद्धविराम और इजराइल के जरिए जंग, दोनों साथ नहीं चल सकते। ऐसे में यह अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है कि युद्धविराम कितने दिनों तक बना रहेगा।

यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पश्चिम एशिया के इस युद्ध का खमियाजा दुनिया के ज्यादातर देश उठा रहे हैं और अगर स्थायी युद्धविराम का रास्ता नहीं निकाला गया, तो इसके विपरीत असर को संभालना मुश्किल हो जाएगा।

# विश्व बैंक-आईएमएफ की चेतावनीः पश्चिम एशिया युद्ध से खाद्य कीमतों और सुरक्षा पर बड़ा खतरा

> वैश्विक स्तर पर ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ने लगी है। मुश्किल भरे इस दौर में विश्व बैंक, मुद्रा कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) ने सचेत किया है कि पश्चिम एशिया के वैश्विक ऊर्जा बाजारों में युद्ध ने जो व्यवधान पैदा किया है

ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच युद्ध के नतीजे दिखने लगे हैं। ऊर्जा संकट गहराने के साथ पूरी दुनिया अब इसके व्यापक परिणामों से निपटने की तैयारी कर रही है। होर्मुज जलमार्ग से ईंधन आपूर्ति की जो शृंखला टूटी है, वह कब नियमित होगी, कुछ कहा नहीं जा सकता। मगर इससे कई देशों के सामने चौतरफा संकट जरूर पैदा हो गया है।

वैश्विक स्तर पर ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ने लगी है। मुश्किल भरे इस दौर में विश्व बैंक, मुद्रा कोष और विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्लूएफपी) ने सचेत किया है कि पश्चिम एशिया के वैश्विक ऊर्जा बाजारों में युद्ध ने जो व्यवधान पैदा किया है, उससे खाद्य कीमतों और खाद्य सुरक्षा पर व्यापक असर पड़ेगा।

अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के बयान गंभीर

इन तीनों संस्थाओं के इस बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि बढ़ती खाद्य कीमतों का सबसे अधिक बोझ दुनिया की कमजोर आबादी पर पड़ेगा। हालांकि इन संगठनों का कहना है कि वे संभावित स्थितियों पर निगाह रखेंगे और संकट से प्रभावित लोगों की मदद के लिए उपलब्ध संसाधनों का समन्वय करेंगे। मगर सवाल है कि इस विकट दौर में करोड़ों लोगों तक कैसे और किस हद तक मदद पहुंचेगी?

युद्ध के असर के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने जिस तरह आगाह किया है, इससे समझा जा सकता है कि पूरी दुनिया पर खाद्य संकट मंडरा रहा है। युद्ध के दौरान होर्मुज जलमार्ग बंद होने से उर्वरकों की आपूर्ति में जो बाधा आई है, इसका प्रभाव स्वाभाविक रूप से भारत सहित दुनिया के कई देशों पर पड़ेगा।

नतीजा यह होगा कि कम और महंगा यूरिया मिलने से खेती की लागत बढ़ेगी। दूसरी ओर, आने वाले समय में पेट्रोल-डीजल के दाम तेजी से बढ़ेंगे, तो माल की ढुलाई भी महंगी होगी। ऐसे में महंगाई को संभालना बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। चिंता की बात यह है कि युद्ध से वैश्विक अर्थव्यवस्था का जो नुकसान हुआ है, अभी उसी का पूरी तरह आकलन नहीं हो पाया है।

इस स्थिति में खाद्य कीमतों में संभावित वृद्धि की चेतावनी डराने वाली है। अमेरिका और ईरान में दो सप्ताह के युद्ध विराम के बीच आयात निर्भर देशों के लिए यह सोचने का समय है कि ईंधन और खाद्य की कीमतों को वे कैसे नियंत्रित करेंगे।

इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में वैश्विक राजनीति एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां 'शक्ति ही सत्य है' की अवधारणा पुनर्जीवित हो गई है। दुनिया का सबसे धनी देश और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का सबसे बड़ा वित्तपोषक होने के नाते अमेरिका ने स्वयं को एक ऐसे 'वैश्विक दारोगा' के रूप में स्थापित कर लिया है, जिसे रोकने का साहस वर्तमान में किसी भी अंतरराष्ट्रीय इकाई के पास नहीं दिखता।



# 2011 वर्ल्ड कप में धोनी की कप्तानी और फिनिशिंग प्रेरित करती है : मुकुल चौधरी



लखनऊ सुपर जायंट्स के बल्लेबाज मुकुल चौधरी ने कहा कि वे खुद को एमएस धोनी जैसा फिनिशर बनाना चाहते हैं। जियोहॉटस्टार से बातचीत में उन्होंने बताया कि धोनी का हेलिकॉप्टर शॉट उनका पसंदीदा है। 2011 वर्ल्ड कप में धोनी की कप्तानी और फिनिशिंग उन्हें प्रेरित करती है।

**'पिता खुद क्रिकेटर बनना चाहते थे'**

मुकुल के पिता खुद क्रिकेट खेलना चाहते थे, लेकिन हालात ऐसे नहीं थे कि वे पेशेवर खिलाड़ी बन पाते। इसलिए उन्होंने शादी से पहले तय कर लिया था कि उनका बेटा क्रिकेट खेलेगा। मुकुल ने बताया कि बचपन में परिवार की हालत कमजोर थी और उन्हें क्रिकेट एकेडमी में दाखिला दिलाना आसान नहीं था। उस समय उनके पिता कॉलेज में पढ़ाते थे और राजस्थान एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस की तैयारी कर रहे थे। ऐसे में मुकुल के पिता को फैसला लेना पड़ा- आरएएस की तैयारी जारी रखें या बेटे को क्रिकेट में आगे बढ़ाएं। उन्होंने तैयारी छोड़ दी, प्रॉपर्टी का काम शुरू किया और पैसे जुटाकर मुकुल को 12 साल की उम्र में सीकर की एसबीएस क्रिकेट एकेडमी में दाखिला दिलाया।

**जन्मदिन के दिन क्रिकेट की शुरुआत की**

एकेडमी तक पहुंचना आसान नहीं था। 2015 में मुकुल जन्मदिन पर अपने पिता के साथ चूरू, झुंझुनूं और सीकर में एकेडमी तलाशने निकले थे।

इसी दौरान उन्हें सीकर में नई स्क्रू क्रिकेट एकेडमी मिली और वहीं से उनका सफर शुरू हुआ। इससे पहले टाइम्स ऑफ इंडिया से बातचीत में मुकुल के पिता ने बताया था कि बेटे के लिए उन्होंने घर बेच दिया और कर्ज लिया।

**अंडर-23 से चमके, सबसे ज्यादा रन बनाए**

मुकुल के परिवार में कोई क्रिकेट बैकग्राउंड नहीं था, इसलिए उन्हें शुरुआत में खेल की ज्यादा जानकारी नहीं थी। लेकिन मेहनत और पिता के समर्थन ने उन्हें आगे बढ़ाया।अंडर-23 लिस्ट-ए ट्रॉफी 2025-26 में मुकुल चौधरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 617 रन बनाए, जिसमें दो शतक और चार अर्धशतक शामिल थे इसी प्रदर्शन के दम पर उन्हें आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2.60 करोड़ रुपए में खरीदा।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप: आयुष शेट्टी ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक सुनिश्चित किया



**निंगबो।** भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने शुक्रवार को यहां निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर 4 जोनाथन क्रिस्टी को हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ आयुष ने अपना पदक सुनिश्चित कर लिया। आयुष ने जोनाथन क्रिस्टी पर 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की और 2018 में एचएस प्रणय के बाद कॉन्टिनेंटल मीट में पदक पक्का करने वाले पहले भारतीय पुरुष एकल बैडमिंटन खिलाड़ी बन गए। क्रिस्टी पर आयुष की यह पहली जीत थी। शुरुआती गेम में कड़ा मुकाबला हुआ, क्योंकि कोई भी खिलाड़ी क्रिस्टी को ब्रेक तक 11-10 की मामूली बढ़त के साथ नहीं तोड़ पाया। दोबारा शुरू होने पर, इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने गेम पर नियंत्रण किया और अपनी बढ़त को 18-15 तक बढ़ा लिया, साथ ही एक गेम पॉइंट भी हासिल किया। आयुष ने वापसी करते हुए मुकाबले को टाई-ब्रेक में पहुंचा दिया।

दूसरे गेम में भी उतना ही कड़ा मुकाबला देखने को मिला। भारतीय खिलाड़ी मध्य तक 11-9 की मामूली बढ़त के साथ था। इसके बाद आयुष ने मैच पर अपनी पकड़ और मजबूत करते हुए जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली।

यह 2023 में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के पुरुष डबल्स स्वर्ण के बाद बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक भी होगा।

सेमीफाइनल में, आयुष का मुकाबला पेरिस ओलंपिक 2024 के रजत पदक विजेता थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसार्न और वेंग होंगयांग के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।इससे पहले टूर्नामेंट में, आयुष ने पहले राउंड में दुनिया के नंबर 7 और मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन ली शि फेंग को हराया था, फिर चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराकर क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था।

दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु का कैंपेन दूसरे राउंड में खत्म हो गया, जबकि लक्ष्य सेन पहले राउंड में ही बाहर हो गए थे।

# हार के बाद पॉवेल ने दिग्वेश के कैच पर उठाए सवाल

## बोले- तीसरे अंपायर के पास जाना चाहिए था फैसला



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत की आलोचना करते हुए कहा कि इस विकेटकीपर-बल्लेबाज को अपनी खेल की समझ में सुधार करना होगा और लगातार अच्छे परिणाम के लिए अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। एलएसजी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल मैच में तीन विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की थी। पंत इस मैच में केवल 10 रन बना पाए थे और उनके शीर्ष क्रम के अन्य बल्लेबाज भी नहीं चल पाए थे। मुकुल चौधरी के नाबाद 54 रन की मदद से एलएसजी ने यह मैच जीता था।

**कैफ ने की पंत की आलोचना**

पंत के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव रहा है और कैफ ने इसी संदर्भ में उनकी आलोचना की। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, 'टीम को जरूरत थी कि वह अंत तक क्रीज पर टिके रहें। वह अनुभवी खिलाड़ी हैं, जो 2016 से आईपीएल में खेल रहे हैं। जब वह बल्लेबाजी करने आए तो स्थिति मुश्किल नहीं थी। एलएसजी ने पहले पांच ओवरों में ही 41 रन बना लिए थे। किसी एक बल्लेबाज को जिम्मेदारी लेनी थी और अंत तक बल्लेबाजी करनी थी। यह भूमिका पंत को निभानी चाहिए थी।'

उन्होंने कहा, 'कप्तान होने के नाते अगर आप जिम्मेदारी नहीं लेते हैं, तो आप अपनी टीम को मैच जिताने में मदद नहीं कर सकते। उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन उन्हें निरंतरता बनाए रखने की जरूरत है। उन्हें मैच की स्थिति को बेहतर ढंग से समझना होगा और यह सीखना होगा कि कब अपनी रणनीति बदलनी है।' कैफ ने कहा, 'एक कप्तान का काम होता है कि वह लक्ष्य का पीछा करते हुए अंत तक टिका रहे और पंत को इसी पर काम करना होगा।'

# चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट- वैशाली ड्रॉ के साथ टॉप पर पहुंचीं, दिव्या देशमुख और प्रज्ञानानंदा हारे



**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू ने फाइड चेस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के विमेंस कैटेगरी के 10वें राउंड में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक के खिलाफ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ से मिले आधे पॉइंट्स के साथ वैशाली टॉप पर पहुंच गईं। दूसरी ओर, भारतीय ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना के खिलाफ हार झेलनी पड़ी।

ओपन कैटेगरी में भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को उज्बेक के जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा इस हार के बाद 7वें नंबर पर खिसक गए। टूर्नामेंट साइप्रस के पाफोस में खेला जा रहा है। अभी चार राउंड बाकी हैं।

10वें राउंड में वैशाली को खास परेशानी नहीं हुई और खेल बिना उतार-चढ़ाव के ड्रॉ रहा। झू जिनेर को बिबिसारा असाउबायेवा के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे वैशाली को बढ़त मिली।

टूर्नामेंट बेहद रोमांचक बना हुआ है। टॉप-6 खिलाड़ियों के बीच 1 पॉइंट का अंतर है। झू जिनेर और अन्ना मुजिचुक 5.5 अंकों के साथ वैशाली से आधा अंक पीछे हैं। 11वें राउंड में वैशाली का मुकाबला गोरियाचकिना से होगा, जबकि दिव्या झू जिनेर के खिलाफ खेलेंगी।

**गुकेश ने जीता था पिछला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट**

पिछली बार भारत के डी गुकेश ने इसे जीतकर चीन के डिंग लिरेन को चुनौती दी थी। तब गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे। 5 बार के वर्ल्ड चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने 1995 में पहली बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता था।

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट क्या है और क्यों अहम

कैंडिडेट्स टूर्नामेंट शतरंज की दुनिया का सबसे अहम इवेंट माना जाता है, क्योंकि यही तय करता है कि वर्ल्ड चैंपियन को अगला चैलेंजर कौन होगा। इसे वर्ल्ड चैंपियनशिप का सेमीफाइनल भी कहा जाता है। विजेता को सीधे वर्ल्ड चैंपियन से खेलने का मौका मिलता है। यह शतरंज का सबसे बड़ा क्वालिफाइंग टूर्नामेंट है।

## व्यापार

# वॉट्सएप आपके प्राइवेट मैसेज पढ़ रहा ये भरोसे लायक नहीं : एलन मस्क



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक इलॉन मस्क और टेलीग्राम के सीईओ पावेल डुरोव ने वॉट्सएप की प्राइवेसी पर सवाल उठाए हैं। मस्क ने कहा कि वॉट्सएप पर भरोसा नहीं किया जा सकता। वहीं, डुरोव ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा 'एन्क्रिप्शन' फ्रॉड बताया।

यह विवाद अमेरिका में वॉट्सएप के खिलाफ दायर एक नए क्लास एक्शन मुकदमे के बाद शुरू हुआ है। यह मुकदमा इसी साल जनवरी में ब्रायन वाई. शीराजी और निदा सैमसन नाम के दो यूजर्स ने कैलिफोर्निया के फेडरल कोर्ट में दायर किया गया था।

इसमें मेटा प्लेटफॉर्म्स और एक्सेंचर को पक्षकार बनाया गया है। याचिकाकर्ताओं ने ज्यूरी ट्रायल की मांग की है और कंपनी से हर्जाने की अपील की है।

याचिका में दावा किया गया है कि वॉट्सएप अपने यूजर्स के मैसेज को बीच में ही इंटरसेप्ट करता है। इसमें कहा गया है कि मेटा इन मैसेज को एक्सेंचर जैसी तीसरी पार्टियों के साथ शेयर कर रहा है। जबकि कंपनी दावा करती है कि उसके मैसेज 'एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड' हैं यानी भेजने वाले और पाने वाले के अलावा कोई तीसरा इन्हें नहीं पढ़ सकता।

इलॉन मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट करते हुए ङ्ग चैट का इस्तेमाल करने की अपील की और दावा किया कि वहां 'असली प्राइवेसी' मिलती है।

वहीं, पावेल डुरोव ने कहा कि वॉट्सएप अरबों यूजर्स को गुमराह कर रहा है। टेलीग्राम ने कभी ऐसा नहीं किया और न ही कभी करेगा।

इन गंभीर आरोपों पर मेटा के प्रवक्ता ने कहा कि मुकदमे में किए गए दावे पूरी तरह से झूठे और बेतुके हैं। वॉट्सएप पिछले एक दशक से सिग्नल प्रोटोकॉल का इस्तेमाल कर रहा है। आपके मैसेज भेजने वाले और पाने वाले के अलावा कोई और नहीं पढ़ सकता।

# 10,000 से ज्यादा के ऑनलाइन-पेमेंट पर 1 घंटे का होल्ड

**गलत ट्रांजैक्शन कैंसिल करने का मौका मिलेगा**

नई दिल्ली। जल्द ही ऐसा हो सकता है कि आपका 10 हजार से ज्यादा का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन तुरंत न हो। उसमें 1 घंटे की देरी हो सकती है। इससे ग्राहकों को गलत ट्रांजैक्शन रोकने या कैंसिल करने का मौका मिलेगा। देश में बढ़ते डिजिटल फ्रॉड को रोकने के लिए आरबीआई ने ये प्रस्ताव रखा है।

आरबीआई का मानना है कि जालसाज अक्सर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाकर जल्दबाजी में पैसे ट्रांसफर करवाते हैं, यह देरी उस दबाव को खत्म करेगी। फिलहाल ज्यादातर डिजिटल ट्रांजैक्शन तुरंत होते हैं, जिससे यूजर को सोचने या गलती सुधारने का मौका नहीं मिलता।





**सीनियर सिटीजंस के लिए 'ट्रस्टेड पर्सन' सुविधा**

70 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए सुरक्षा और सख्त होगी। 50,000 रुपए से ज्यादा के ट्रांजैक्शन के लिए एक 'ट्रस्टेड पर्सन' (भरोसेमंद व्यक्ति) की मंजूरी जरूरी हो सकती है। यह फ्रॉड के खिलाफ सुरक्षा की एक दूसरी लेयर की तरह काम करेगा।

**भरोसेमंद को 'व्हाइटलिस्ट' में शामिल कर सकेंगे**

अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति या मर्चेंट को पैसे भेज रहे हैं, जिसे आप जानते हैं, तो आप उसे अपनी 'व्हाइटलिस्ट' में शामिल कर सकते हैं। व्हाइटलिस्टेड लोगों को पेमेंट करने पर यह 1 घंटे की देरी लागू नहीं होगी, जिससे नियमित लेन-देन में परेशानी नहीं आएगी।

**डिजिटल पेमेंट बंद करने के लिए 'किल स्विच'**

आरबीआई ने एक 'किल स्विच' का सुझाव भी दिया है। अगर किसी ग्राहक को लगता है कि उसका अकाउंट हैक हो गया है या कोई गलत ट्रांजैक्शन हो रहा है, तो वह एक क्लिक से अपनी सभी डिजिटल पेमेंट सेवाओं को तुरंत बंद कर सकेगा।

# सेंसेक्स 919 अंक चढ़कर 77,550 पर बंद निफ्टी 275 अंक चढ़कर 24,050 पर पहुंचा





**नई दिल्ली।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार 10 अप्रैल को सेंसेक्स 919 अंक (1.20%) की तेजी के साथ 77,550 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 275 अंकों (1.16%) की तेजी रही, ये 24,050 पर पहुंच गया। आज के कारोबार में बैंकिंग और ऑटो शेयरों में खरीदारी रही।

**बाजार में तेजी की वजह**

1-2 दिन में अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली शांति वार्ता से निवेशकों में उत्साह है। इजरायल के लेबनान के साथ बातचीत के लिए सहमत होने से भी तनाव में कमी आने की उम्मीद जगी है। जब भी युद्ध की आशंका कम होती है तो बाजार में पॉजिटिव सेंटिमेंट लौट आते हैं।

**शॉर्ट टर्म में 24,600 के स्तर तक बढ़ सकता है निफ्टी**

मार्केट एक्सपर्ट्स के मुताबिक निफ्टी के लिए 24,200-24,250 का स्तर एक तात्कालिक रेजिस्टेंस है। अगर निफ्टी इस स्तर के ऊपर टिकने में कामयाब रहता है, तो यह तेजी 24,400 तक और उसके बाद शॉर्ट टर्म में 24,600 के स्तर तक बढ़ सकता है। वहीं दूसरी ओर, गिरावट की स्थिति में 23,850-23,800 का जोन एक तात्कालिक सपोर्ट के रूप में काम कर सकता है।

**सेंसेक्स 931 अंक गिरकर 76,632 पर बंद हुआ था**

शेयर बाजार में कल 9 अप्रैल को गिरावट रही। सेंसेक्स 931 अंक (1.20%) नीचे 76,632 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 222 अंक (0.93%) गिरकर 23,775 पर आ गया। ऑटो और बैंकिंग शेयरों में बिकवाली रही। मेटल और फार्मा शेयरों में तेजी रही।

......

# मार्च में इक्विटी म्यूचुअल फंड निवेश आठ महीनों के उच्चतम स्तर पर, एसआईपी ने बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के आंकड़ों के अनुसार, मार्च में एक्टिव इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में शुद्ध निवेश बढ़कर 40,450.26 करोड़ रुपये हो गया। यह जुलाई 2025 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है। फरवरी में यह आंकड़ा 25,977.81 करोड़ रुपये था।

सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश ने नया रिकॉर्ड बनाया है। मार्च में एसआईपी का योगदान 32,087 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह फरवरी के 29,845 करोड़ रुपये से अधिक है, जो खुदरा निवेशकों की लगातार भागीदारी दर्शाता है। हालांकि, पूरे म्यूचुअल फंड उद्योग से मार्च में 2.39 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी हुई। फरवरी में इसमें 94,530 करोड़ रुपये का निवेश आया था।

इस निकासी का मुख्य कारण डेट फंड्स से भारी मात्रा में पैसे का निकलना रहा। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, निवेश में यह वृद्धि एसआईपी के जरिए लगातार निवेश से हुई है। साल के अंत में पोर्टफोलियो समायोजन भी एक वजह है। बाजार की गिरावट को खरीदारी के अवसर के रूप में देखा गया। पश्चिम एशिया में तनाव से आई अस्थिरता ने दीर्घकालिक निवेशकों को अच्छे प्रवेश बिंदु दिए।

**इक्विटी में विभिन्न श्रेणियों का प्रदर्शन**

इक्विटी श्रेणी के सभी खंडों में निवेश में वृद्धि दर्ज की गई। फ्लेक्सी-कैप फंड्स सबसे आगे रहे, जिनमें मार्च में 10,054.12 करोड़ रुपये का निवेश आया। मिड-कैप में 6,063.53 करोड़ रुपये और स्मॉल-कैप में 6,263.56 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। लार्ज-कैप फंड्स में 2,997.84 करोड़ रुपये का निवेश हुआ। सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स में 2,698.82 करोड़ रुपये का स्थिर निवेश देखा गया।

डेट और अन्य फंड्स से निकासी

इसके विपरीत, डेट म्यूचुअल फंड्स में मार्च में 2.94 लाख करोड़ रुपये की भारी निकासी की गई। फरवरी में इनमें 42,106.31 करोड़ रुपये का निवेश आया था। ओवरनाइट और लिक्विड फंड्स इस निकासी के मुख्य कारण रहे। हाइब्रिड स्कीम्स से 16,538.47 करोड़ रुपये और आर्बिट्रेज फंड्स से 21,113.70 करोड़ रुपये की निकासी दर्ज की गई। गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स में निवेश घटकर 2,266 करोड़ रुपये रह गया। नए फंड ऑफर के जरिए मार्च में चौबीस लॉन्च से 3,985 करोड़ रुपये जुटाए गए।

# हमारी सरकार कृषि का सुदृढ़ इकोसिस्टम विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित : भजनलाल शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान मजबूत होगा तो देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा। हमारी सरकार राज्य के किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि का सुदृढ़ इकोसिस्टम विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में जयपुर में 23 से 25 मई तक आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम 2026) में प्रदेशभर के किसानों को खेती के नवीनतम आधुनिक तरीकों की जानकारी मिलेगी। साथ ही, उन्हें वैश्विक स्तर आधारित कृषि प्रणालियों को समझने और अपनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 15 अप्रैल से ग्राम पंचायत स्तर पर किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर रथ भेजे जाएंगे, जिससे किसान लाभान्वित हो सकें। इसमें सुझाव पेटिका भी रखी जाएगी, जिससे किसान योजनाओं से जुड़े अपने सुझाव भी दे सकें। शर्मा शुक्रवार को राज्य ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक (ग्राम 2026) मीट के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम-2026 एक ऐसा मंच होगा जहां किसान, वैज्ञानिक, निवेशक और नीति निर्माता मिलकर किसानों के सशक्तीकरण के लिए संवाद करेंगे। इस मीट के माध्यम से कृषि और उससे जुड़े सेक्टर्स पर एकेडमिक-संस्थागत एवं विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ प्रदेश के किसानों को मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा जयपुर में पश्चिमी क्षेत्रीय जोनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था, जिसके माध्यम से कृषि उत्पादन, जल प्रबंधन, फसल सुरक्षा और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई थी।

### वैज्ञानिक तरीके से खेती करें किसान, रासायनिक उर्वरकों का हो सीमित उपयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ तथा ग्वार में प्रथम, मूंग तथा मूंगफली के उत्पादन में द्वितीय तथा सोयाबीन के उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक तरीकें से खेती करते हुए रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करना चाहिए तथा मृदा परीक्षण के आधार पर खेती अपनानी चाहिए, ताकि भूमि की उर्वरता भविष्य के लिए सुरक्षित रह सके। साथ ही, उन्होंने जल संरक्षण के लिए फव्वारा (स्प्रिंकलर) जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया।

### मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा से 12 लाख से अधिक पशुओं का नि:शुल्क बीमा

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के सशक्तीकरण के लिए निरन्तर निर्णय ले रही है। अब तक राज्यभर में 4 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र स्थापित करवाए जा चुके है। साथ ही, नहरी जल के संग्रहण के लिए कुल 12 हजार 476 डिग्गियों का निर्माण तथा कुल 32 हजार 918 किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 12 लाख से अधिक पशुओं की निःशुल्क बीमा पॉलिसी जारी की गई है। 1962 मोबाइल वेटरिनरी सेवाएं तथा 536 मोबाइल वाहनों द्वारा करीब 60 लाख पशुओं का उपचार कर 15 लाख से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत हमारी सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से 5 रुपये प्रति लीटर प्रत्यक्ष आर्थिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया, जिसके तहत राज्य के कृषि क्षेत्र में निवेश के लिए लगभग 43 हजार करोड़ रूपये से अधिक के 2 हजार 539 एमओयू हुए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 6000 रुपये की राशि दी जा रही है। इस सम्मान निधि के साथ ही, हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई है। जिसके तहत किसानों को 3000 रुपये अतिरिक्त राशि प्रदान की जा रही है। जिसे आगामी समय में 12 हजार तक किया जाएगा।

इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि किसान पारम्परिक खेती से हटकर आधुनिक खेती की ओर आगे बढ़े तथा खेती में नई-नई तकनीकों का उपयोग कर समृद्ध एवं खुशहाल बने। ग्राम 2026 के माध्यम से किसानों को विश्वभर से आए कृषि विशेषज्ञों से नवीनतम तकनीकों की जानकारी मिलेगी। साथ ही वे वैश्विक मंच से भी जुड़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अगुवाई में हमारी सरकार किसानों को आगे बढ़ाने एवं उनके सम्मान के लिए निरन्तर कार्य कर रही है।

इस दौरान शर्मा ग्राम के लोगो का अनावरण एवं ब्रोशर का विमोचन किया। इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास सहित विभिन्न अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।



# 12 साल पुराने मामले में कांग्रेस के 2 विधायकों सहित 9 लोगों को किया बरी

### निचली अदालत ने सुनाई थी 1-1 साल की जेल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर महानगर प्रथम की एडीजे-9 कोर्ट ने 12 साल पुराने मामले में कांग्रेस के 2 विधायकों सहित 9 लोगों को बरी कर दिया। दोनों विधायकों सहित इन लोगों पर सार्वजनिक रास्ता जाम करने के आरोप थे।

जज प्रेमरतन ओझा ने गुरुवार को कांग्रेस विधायक मुकेश भाकर, मनीष यादव, झोटवाड़ा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी सहित 9 लोगों को राहत दी और निचली अदालत के फैसले को रद्द कर दिया। एसीजेएम-19 कोर्ट ने करीब 10 महीने पहले सभी आरोपियों को 1-1 साल की सजा सुनाई थी। सभी पर आरोप था कि इन्होंने 13 अगस्त 2014 को करीब 20 मिनट के लिए राजस्थान यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट के बाहर जेएलएन मार्ग को जाम कर दिया था।

आरोपियों की ओर से पैरवी करते हुए एडवोकेट जितेंद्र भाकर ने कोर्ट को बताया- निचली अदालत ने बिना ठोस आधार के सजा सुनाई है। ट्रायल के दौरान मामले के जांच अधिकारी (आईओ) के बयान भी दर्ज नहीं हुए। कोर्ट ने केवल तीन पुलिसकर्मियों के बयानों के आधार पर सजा सुना दी। ऐसे में निचली अदालत के आदेश को विधि अनुरूप नहीं कहा जा सकता है।

कोर्ट ने मामले में लाडनूं विधायक मुकेश भाकर, शाहपुरा विधायक मनीष यादव, झोटवाड़ा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अभिषेक चौधरी सहित 9 लोगों को दोष मुक्त कर दिया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ 11 अगस्त 2016 को चालान पेश किया था। ट्रायल के बाद कोर्ट ने तत्कालीन छात्रनेता मुकेश भाकर, मनीष यादव, अभिषेक चौधरी, राजेश मीणा, रवि किराड़, वसीम खान, द्रोण यादव, भानुप्रताप सिंह और विद्याधर मील को दोषी मानते हुए सजा सुनाई थी, लेकिन अब सभी को बरी कर दिया गया।

## गहलोत का केन्द्र सरकार पर हमला

# पचपदरा रिफाइनरी में देरी से विकास और रोजगार प्रभावित - अशोक गहलोत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पचपदरा रिफाइनरी प्रोजेक्ट को लेकर वर्तमान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इस परियोजना को संभालने के तरीके की आलोचना करते हुए कहा कि इसमें लगातार देरी की गई है, जिससे इसकी लागत कई गुना बढ़ गई है। गहलोत ने कहा कि इस परियोजना की शुरुआती लागत लगभग 37,229 करोड़ रुपए थी, जो अब बढ़कर करीब 80,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है। यह बढ़ोतरी खराब योजना और राजनीतिक कारणों से हुई देरी का नतीजा है। उन्होंने इसे विकास कार्यों में देरी का एक उदाहरण बताते हुए 'इंतजार शास्त्र' का मेगा चैप्टर कहा। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने इस परियोजना में जानबूझकर देरी की है, जिससे राज्य की जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय इस परियोजना का लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया था, लेकिन बाद में इसमें रुकावटें आईं।

गहलोत ने यह भी कहा कि इस देरी के कारण राजस्थान की अर्थव्यवस्था और युवाओं के रोजगार के अवसरों पर नकारात्मक असर पड़ा है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर भाजपा राजस्थान के विकास को लेकर इतनी उदासीन क्यों है?

उन्होंने परियोजना की शुरुआत का जिक्र करते हुए बताया कि इसकी परिकल्पना 2008 में कांग्रेस सरकार के दौरान की गई थी। उस समय हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ बातचीत शुरू हुई थी, हालांकि शुरुआत में कंपनी इस परियोजना को लेकर हिचकिचा रही थी। बाद में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी के हस्तक्षेप के बाद इस परियोजना को मंजूरी मिली थी। उन्होंने यह भी बताया कि सोनिया गांधी ने इसकी आधारशिला रखी थी, जिसका उद्देश्य राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में मजबूत बनाना था।

गहलोत का कहना है कि सरकार बदलने के बाद इस परियोजना में राजनीतिक कारणों से बाधाएं आईं और काम की गति धीमी पड़ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस वजह से यह महत्वपूर्ण परियोजना प्रभावित हुई है और राज्य के विकास पर इसका असर पड़ा है। अशोक गहलोत ने कहा कि यह प्रोजेक्ट कई साल तक अटका रहा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को इसके लिए कई बार विरोध प्रदर्शन करने पड़े और दबाव बनने के बाद ही भाजपा ने 2018 में इस पर दोबारा काम शुरू किया।

गहलोत ने अपनी सरकार के कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि जब कांग्रेस फिर से सत्ता में आई, तो इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी गई। उनके अनुसार, कोविड-19 महामारी की चुनौतियों के बावजूद काम लगातार आगे बढ़ता रहा और उनकी सरकार के दौरान लगभग 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रोजेक्ट में हुई देरी का सीधा असर रोजगार और आर्थिक विकास पर पड़ा है। गहलोत के मुताबिक इस देरी की वजह से राजस्थान के युवाओं को कई महत्वपूर्ण अवसरों से वंचित होना पड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री ने पचपदरा रिफाइनरी को कांग्रेस सरकार की एक बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि जब यह परियोजना लगभग पूरी होने की स्थिति में है तो इसका आकार और प्रगति जनहित के प्रति उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उनके अनुसार, यह एक ऐसा विकास मॉडल है जिसमें राजनीतिक हितों से ऊपर जनता के हित को प्राथमिकता दी गई। पचपदरा रिफाइनरी से इस क्षेत्र की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, हालांकि इस परियोजना को लेकर राजनीतिक बयानबाजी और बहस अब भी जारी है।



# भाजपा ने सपना दिखाया था कि हम विश्व गुरु बन जाएंगे, यह मौका बीजेपी ने खोया - अखिलेश यादव

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा मैं नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहता था। हम चाहते थे कि वे प्रधानमंत्री के तौर पर रिटायर्ड हों। इंडिया गठबंधन के बहुत सारे साथियों की यह कोशिश भी थी कि नीतीश कुमार देश के प्रधानमंत्री बनें।

नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य बनने पर भी अखिलेश यादव ने तंज कसा। उन्होंने कहा- अब मुझे लगता है कि वे राज्यसभा सदस्य के तौर पर ही रिटायर्ड हो जाएंगे। आप सोचिए भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें कितना बड़ा धोखा दिया है। उनके लोगों के साथ कितना बड़ा धोखा किया गया है।

दरअसल, अखिलेश यादव शुक्रवार को निजी कार्यक्रम में हिस्सा लेने जयपुर आए। इस दौरान एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत में भाजपा के चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप और आईटी सेल के जरिए वोट काटने जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े किए। अखिलेश ने कहा भाजपा ने हमें सपना दिखाया था कि हम विश्व गुरु बन जाएंगे। यह मौका भारत सरकार और बीजेपी ने खोया है। अगर प्रधानमंत्री चाहते तो इजराइल दौरे के बाद वे ईरान में भी उतर जाते, जैसे पाकिस्तान में उतरे थे। इससे शायद दुनिया आज उन्हें विश्व गुरु के नाम पर और विश्व गुरु के तौर पर पहचानती। यादव ने कहा- अब पता लग रहा है कि पाकिस्तान के चाचा वह सब चीज कर रहे हैं, जो विश्व गुरु बनने के लिए उन्हें करनी चाहिए थी।

शंकराचार्य को हर जगह अपमानित कर रही भाजपा अखिलेश यादव ने कहा- शंकराचार्य को भारतीय जनता पार्टी के लोग हर जगह अपमानित कर रहे हैं। सरकार बीजेपी की है, इसलिए उन्हें सुरक्षा देने की जिम्मेदारी भी भारतीय जनता पार्टी की है। इस दौरान राजस्थान में समाजवादी पार्टी (सपा) के भविष्य को लेकर पूछे गए सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा- हम पहले उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को हराएंगे। इसके बाद हम राजस्थान में भी आएंगे।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत आवश्यक - बालमुकुंदाचार्य



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** एपीजे अब्दुल कलाम राजकीय कन्या महाविद्यालय, गंगापोल जयपुर के नव-निर्मित भवन के शुभारंभ एवं भवन प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हवामहल से विधायक माननीय स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य महाराज रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक जी द्वारा फीता काटकर भवन में प्रवेश कराने से हुआ। इसके पश्चात सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमंत पारीक ने की, जबकि संचालन श्रीमती चेतन सहल द्वारा किया गया।

अपने उद्बोधन में विधायक ने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियां अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरणा लेने तथा उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

स्वामी बालमुकुंद आचार्य जी ने छात्राओं को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर अपने व्यक्तित्व एवं भविष्य को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने मानवता एवं मातृभूमि के प्रति प्रेम को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया।

महाविद्यालय के विकास हेतु विधायक ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, जिनमें महाविद्यालय परिसर में बास्केटबॉल एवं वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण, टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड एवं शतरंज जैसी इनडोर खेल सुविधाओं की व्यवस्था, तथा खेल सामग्री उपलब्ध कराने का आश्वासन शामिल है। इसके अतिरिक्त उन्होंने पुस्तकालय के सुदृढ़ीकरण, कंप्यूटर लैब की स्थापना तथा कैंटीन प्रारंभ करने की भी सहमति प्रदान की। विधायक जी ने छात्राओं से सीधा संवाद किया एवं उनके बीच बैठकर फोटो खिंचवाई एवं इस शुभारंभ के अवसर पर परिसर में वृक्षारोपण किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएं, अभिभावक, क्षेत्रीय निवासी एवं शिक्षाविदों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। प्रमुख अतिथियों में महाविद्यालय विकास समिति के सदस्य मानप्रकाश गुप्ता, सुरेश जी महेश्वरी, राजकुमारी जी ब्रह्मभट्ट, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा से सहायक निदेशक प्रो. आलोक चतुर्वेदी, नोडल महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. स्निग्धा शर्मा, राजकीय महाविद्यालय कंवर नगर की प्राचार्य प्रो. सुमन भाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों डॉ. राजकुमार बैरवा, प्रो. निधि माथुर, अनीता कटारा, डॉ. शीबा हैदर एवं डॉ. बचन सिंह ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जहां सभी उपस्थितजनों ने महाविद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा विधायक जी द्वारा की गई घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

# 'अपार एग्जीबिशन' 11-12 अप्रैल को

**जयपुर।** ड्रीम अचीवर्स एवं जेडब्ल्यूएसए ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में 'अपार एग्जीबिशन' का आयोजन 11 एवं 12 अप्रैल को डेज़ होटल, टोंक रोड (कोकून हॉस्पिटल के पास) में किया जाएगा। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. सौम्या गुर्जर द्वारा किया जाएगा। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में करीब 50 महिला उद्यमी अपने-अपने अनूठे और आकर्षक उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। यहां फैशन, लाइफस्टाइल, ज्वेलरी, हैंडमेड प्रोडक्ट्स, होम डेकोर सहित कई तरह के उत्पाद देखने और खरीदने का अवसर मिलेगा। आयोजकों के अनुसार इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना, उनके व्यवसाय को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। ड्रीम अचीवर्स की फाउंडर एवं डायरेक्टर प्रीति गोयल और फाउंडर प्रेसिडेंट मीनाक्षी जैन ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने और नए ग्राहकों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

# जर्जर विद्यालय भवनों की मरम्मत मानसून से पहले पूर्ण करें : राजेश यादव



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा राजेश यादव ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों व बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के मरम्मत योग्य जर्जर विद्यालय भवनों का मरम्मत कार्य मानसून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन विद्यालय भवनों के निर्माण की कार्ययोजना शीघ्र बनाने को कहा। यादव ने बैठक में समग्र शिक्षा, स्टार्स, पीएम श्री योजना, निशुल्क यूनिफॉर्म डीबीटी, आईसीटी लैब, टैबलेट वितरण, ज्ञान संकल्प, मुख्यमंत्री विद्यादान कोष, ब्रेल पाठ्यपुस्तकें, विशेष शिक्षक, अटल टिंकरिंग लैब, केजीबीवी, बाल वाटिका, कम्पोजिट स्कूल ग्रांट, ट्रांसपोर्ट वाउचर, वोकेशनल टीचर सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल व मिड डे मील के साथ ही भाषा व पुस्तकालय विभाग के विभिन्न मामलों की भी समीक्षा की।

बैठक में राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा, संयुक्त सचिव महेन्द्र कुमार खींची, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक द्वितीय अशोक कुमार मीणा सहित विभिन्न अधिकारी शामिल हुए।

# उत्तर पश्चिम रेलवे के राजीव श्रीवास्तव और अनिल कुमार जैन बने महाप्रबंधक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** रेल मंत्रालय द्वारा जारी नवीनतम आदेशों के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे (एनडब्ल्यूआर) में कार्यरत तीन वरिष्ठ अधिकारियों को लेवल-16 में पदोन्नत कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। रेलवे बोर्ड द्वारा गुरुवार को जारी इन आदेशों से उत्तर पश्चिम रेलवे के प्रशासनिक हल्के में हर्ष का माहौल है। जानकारी के अनुसार, उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) के पद पर तैनात राजीव श्रीवास्तव को मध्य रेलवे (मुंबई) का नया महाप्रबंधक (जीएम) नियुक्त किया गया है। वहीं, प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर अनिल कुमार जैन को दक्षिण पूर्व रेलवे (कोलकाता) में महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नति मिली है। इसी क्रम में, उत्तर पश्चिम रेलवे की प्रमुख वित्त



सलाहकार गीतिका पाण्डेय को रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में अतिरिक्त सदस्य (योजना) के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। विशेष बात यह है कि गीतिका पाण्डेय इस पैनल में लेवल-16 प्राप्त करने वाली एकमात्र महिला अधिकारी हैं। बता दें कि श्रीमती पाण्डेय इससे पूर्व उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के पद पर भी अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। इन नियुक्तियों को भारतीय रेलवे के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

# रामचरित मानस में रावण की अनगिनत थी पत्नि

रामचरितमानस और वाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण की कई पत्नियां थीं, जिनमें मंदोदरी मुख्य रानी, धन्यमालिनी प्रमुख हैं। हालांकि, रामायण में रावण के पास एक हजार से अधिक अन्य छोटी पत्नियों (जूनियर पत्नियों) का उल्लेख मिलता है, जो राक्षस राज के हरम का हिस्सा थीं। रावण की पत्नियों के बारे में बातें? मंदोदरी रावण की पहली और मुख्य पत्नी, जो मयासुर की पुत्री थीं। वह बहुत सती और पतिव्रता मानी जाती थीं। धन्यमालिनी रावण की दूसरी पत्नी, जिनसे उसे अतिक्या और त्रिशिरा नामक पुत्र हुए। रावण ने दुनिया भर की महिलाओं का अपहरण कर उन्हें अपनी पत्नी के रूप में रखा था, जिन्हें लंका में एक सती



एसके मंगल

स्त्री के शाप के तहत रहने का वर्णन भी मिलता है। रामचरितमानस में यह उल्लेख है कि रावण ने नर, सुर, नाग, किन्नर सहित अन्य वर्गों की बहुत सी लड़कियों को भी अपने महल में रखा था जो रावण की पत्नियां थी। बालकांड में दोहा संख्या 182 का में तुलसीदास जी ने लिखा है कि 'देव जच्छ गंधर्व, नर,किन्नर, नाग कुमारि। जीती बरी निज बाहुबल बहु सुंदर वर नारि।। यानी देवता यक्ष गंधर्व मनुष्य किन्नर और नागों की कन्याओं तथा बहुत सी अन्य सुंदरी और उत्तम स्त्रियों को उसने अपनी भुजाओं के बल से जीत कर व्याह लिया। रावण को एक सती स्त्री का श्राप था कि यदि उसने किसी भी स्त्री के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध संबंध बनाया, तो उसके सिर के टुकड़े-टुकड़े हो जाएंगे। रामचरितमानस में मंदोदरी द्वारा रावण को सीता को वापस करने की सलाह देने के प्रसंग में उसकी बुद्धिमत्ता और पतिप्रेम का वर्णन है।

# कथा का विश्राम एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सीकर।** माधव सागर स्थित श्री बोलता बालाजी धाम में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम हुआ धाम की मीडिया प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया की श्री बोलता बालाजी का 94 स्थापना दिवस संतो के सानिध्य में बड़ी धूमधाम से मनाया और सभी भक्तों को संतों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ धाम में बड़ी संख्या में संत पधारकर भक्तों को कृतार्थ किया और कीर्तन का सभी भक्तों ने आनंद लिया बड़ी संख्या में पधारकर भक्तों ने शाम को भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया मंदिर के महंत श्री सुनील तिवाडी महाराज ने सभी संतो का स्वागत एवं सम्मान किया एवं सभी भक्तों को साधुवाद किया संत समागम में महत विक्रम नाथ महाराज, महत जुगल किशोर महाराज महत ?मनाथ शरण महाराज, महत ध्यान नाथ महाराज, महत पाराशर नाथ महाराज, महत प्रभु दास महाराज महत मधुसूदनाचार्य महाराज महत लक्ष्मण महाराज महत शत्रुघ्न दास महाराज महत सुभाष महाराज,महंत बालक दास महाराज महत शास्त्री जी, महंत माधव दास महाराज,महत राजकुमार पारीक, महंत अश्विनी दास महाराज,महत दयाल दास जी, महत सतपाल दास महाराज, महंत मनोहर शरण दास महाराज ,महत माधव दास महाराज, महत ईश्वर दास महाराज, महत लड्डू गोपाल दास महाराज, पंडित अरविंद मिश्रा,महेश शर्मा,राजेश माउका, सुरेश पारीक विकास मिश्रा, भजन गायिका संतोष खंडेलवाल, रमाकांत तिवारी,कर्मवीर तिवारी, भूपेंद्र सिंह, अर्चना पारीक, पिंकी तिवारी, सरोज, कांता, नीलम, सहित काफी संख्या में संत एवं भक्तगण उपस्थित रहे।



# नवपदस्थ वीडीओ सुनीता कुमावत का किया सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**पलसाना।** पंचायत समिति पलसाना में नवपदस्थ विकास अधिकारी सुनीता कुमावत का युवाओं द्वारा सम्मान किया गया।

पदभार ग्रहण करने पर आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। साथ ही बाबा श्याम एवं सालासर बालाजी का छाया चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान युवाओं ने कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहेगी और वे प्रशासन के साथ मिलकर गांवों के विकास में योगदान देंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुनीता कुमावत के नेतृत्व में पंचायत समिति क्षेत्र में विकास कार्यों को नई दिशा मिलेगी। इस मौके पर सुनीता कुमावत ने युवाओं का आभार जताते हुए कहा कि युवाओं की भागीदारी से ही क्षेत्र का समग्र विकास संभव है। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करेंगी। कार्यक्रम में राजेश कुमावत, गणेश कुमावत, हर्ष शर्मा, लोकेश कुमावत सहित अन्य युवा मौजूद रहे।



# अम्बेडकर जयंती का राज्य स्तरीय समारोह भवानी निकेतन परिसर में होगा आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती का ब्लॉक, जिला स्तर एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर भव्य और व्यापक रूप से मनाने की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर श्री संदेश नायक ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर सभागार में अनुसूचित जाति व जनजाति के प्रबुद्धजनों, राज्य स्तरीय सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को वृहद, प्रभावी और जनभागीदारी आधारित बनाने हेतु विस्तृत चर्चा कर सुझाव आमंत्रित किए गए।

कलेक्टर श्री नायक ने बताया कि 11 से 14 अप्रैल तक चार दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों विशेषकर युवा पीढ़ी को भारतीय संविधान की मूल भावना, सामाजिक न्याय, समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने जानकारी दी कि 11 अप्रैल को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कलेक्टरों द्वारा फुले जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रमों का शुभारंभ किया जाएगा।

यह दिन समाज सुधार और शिक्षा के प्रति जागरूकता के संदेश के रूप में मनाया जाएगा।

12 अप्रैल को 'संविधान को जानें' थीम के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन, उनके विचारों एवं भारतीय संविधान की विशेषताओं पर आधारित विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस दिन एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ भी किया जाएगा, जो 14 अप्रैल तक संचालित होगी, जिससे युवाओं में संविधान के प्रति रुचि एवं समझ विकसित हो सके।

# उत्तर पश्चिम रेलवे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में अर्जित किया सर्वश्रेष्ठ परिचालन अनुपात

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे यात्रियों को बेहतर सुविधायें उपलब्ध करवाने के साथ-साथ अपने आय और व्यय में भी संतुलन बनाए रखने में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार मार्च 2026 को समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में उत्तर पश्चिम रेलवे का परिचालन अनुपात (ऑपरेटिंग रेशियों) भी 99.56% रहा जो उत्तर पश्चिम रेलवे की एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। पिछले वर्ष इस अवधि में परिचालन अनुपात 106.51% था । रेलवे बोर्ड द्वारा इस वर्ष के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे परिचालन अनुपात के लिए 102.36% का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल दिशानिर्देश में उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपने संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग कर यह सफलता हासिल की है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर आय को बढ़ाने के लिए संसाधनों का बेहतर उपयोग किया जा रहा है जिसके तहत रेलवे राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अमिताभ, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे के नेतृत्व में उत्तर पश्चिम रेलवे ने यात्री तथा माल परिवहन संचालन में सम्पूर्ण भारतीय रेलवे पर अलग पहचान बनाई है तथा अधिक राजस्व को प्राप्त कर रेल यात्रियों को सुगम परिवहन की अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान कर कर रहा है।

# स्वास्थ्य पर चर्चा 'शर्म छोड़ो स्वास्थ्य चुने' का विशेष कार्यक्रम आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



सीकर। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति एवं एम आर एम जीवन संजीवनी हेल्थ एण्ड वेलनेस एसोसिएशन के साथ नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य पर चर्चा 'शर्म छोड़ो स्वास्थ्य चुने' का एक विशेष कार्यक्रम आयोजन किया गया श्री दिगंबर जैन महासमिति की अध्यक्ष सुमन बडजात्या एवं मंत्री विनीता काला ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर से पधारे हुए डॉक्टर इंदिरा सरीन वरिष्ठ यूरोगाइनेकोलॉजिस्ट और रोबोटिक पेल्विक रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर विशेष चर्चा की गई जिसमें महिलाओं को खुलकर बात करने स्वास्थ्य के संबंध में एवं वर्तमान में अनहाइजीनिक खानपान एवं रहन-सहन के कारण हो रही बीमारियों के बारे में बताएं साथ ही महिलाओं ने अपनी समस्याओं को साझा करके डॉ सरीन से सुझाव दिये इस दौरान श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति के पूर्व अध्यक्ष मंत्री एवं विशिष्ट सदस्य एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यागण ,मार्केटिंग सेल्स मैनेजर विकास शर्मा एवं कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी रोहित माथुर प्रियंक जैन उपस्थित थे महा समिति की महिलाओं ने डॉक्टर एवं उनकी टीम का स्वागत सम्मान किया डॉ इंदिरा सरीन ने कहा की समाज में महिलाओं की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है और उनके योगदान को सम्मान देना बेहद जरूरी है। ने कहा कि ने कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका लगातार सशक्त हो रही है और उनके योगदान को सम्मान देना बेहद जरूरी है।स्वास्थ्य चर्चा का मुख्य उद्देश्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देना है। स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और स्वच्छ वातावरण अत्यंत आवश्यक हैं, जो पाचन को दुरुस्त रखते हैं और बीमारियों से बचाते हैं। समय पर डॉक्टर से परामर्श और मानसिक शांति भी एक स्वस्थ जीवन के महत्वपूर्ण घटक हैं। श्री दिगंबर जैन महासमिति की अध्यक्ष सुमन बडजात्या एवं मंत्री विनीता काला तथा एम आर एम जीवन संजीवनी के रोहित माथुर एवं समस्त कार्यकारिणी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राजस्थान पेंशनर समाज की मासिक बैठक आयोजित

## 29 अप्रैल 26 को होगा पेंशनरों का राष्ट्रीय सम्मेलन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सीकर।** राजस्थान पेंशनर समाज खण्डेला की मासिक बैठक महावीर प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में मंडीगेट स्कूल में आयोजित हुई।

वक्ताओं में सत्तारखां मलकान ने प्रदेश स्तर से प्राप्त जानकारी देते हुए बताया कि 29 अप्रैल 26 को होने वाले राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला व खण्ड के सभी पेंशनरों को सम्मलित होने का आहवान किया।

जिला महामंत्री ललित प्रसाद शर्मा ने अपने विचार रखते हुए बताया कि वर्तमान में पेंशनरों व फेमिली पेंशनरों को उनकी उम्र अनुसार पेंशन बढ़ोतरी लाभ,चिकित्सा हेतु आरजीएसएच सुविधा, जीवन प्रमाण पत्र, इनकमटैक्स कटौती आदि सुविधाओं के लिए पेंशन विभाग की बदली हुई सभी व्यवस्थाओ के अनुसार खुद को अपडेट होना बहुत जरूरी हो गया है। इसलिए पेंशनरों को आवश्यक जानकारी देकर सतर्क करने हेतु सभी बैठको में समस्याओ का समाधान ही सबसे आवश्यक मुद्दा उठाया जाता है।

पालूराम भादवाड़ी ने अवगत कराया की पेंशनर अपने पीपीओ में अपनी पत्नी नाम व जन्म दिनांक का सही अंकन होना सुनिश्चित करले।

अध्यक्षीय उदबोधन में पेंशनरों के मसीहा स्व. डीएस नकारा के कार्यों को याद करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई। बैठक में छीतरमल चेजारा, भागीरथमल जांगीड, गणपतसिंह चाहर, ओमप्रकाश कुमावत, गंगाराम वर्मा, फूलचंद जाट, गोपालजी, नागरमल, भूराराम सैनी, राजेंद्र तिवारी, बीरबल मीना, राजेंद्रकुमार शर्मा, सूरजमल सैनी, गिरधारी सैनी, सीआर सैनी, विश्वेश्वरप्रसाद सैनी, बनवारीलाल सैनी, जवाहरसिंह रूलानिया, रामगोपाल शर्मा, प्रेमचंद सोलेरा, रमेशचंद्र डेनवाल, नाथूलाल रेगर, जोरावर सेन, मंगेजाराम, बनवारीलाल पालीवाल, दीनदयाल सैनी, पोखरमल सैनी, मालीराम शर्मा, मेवाराम सैनी, मदनलाल रांगेरा सहित अन्य कई पेंशनर उपस्थित थे।

# दरगाह में हुआ रूहानी समारोह 160वें उर्स में नसीरे मिल्लत के वलीअहद की दस्तारबंदी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**सीकर।** जिले के फतेहपुर शेखावाटी में सूफी परंपराओं का एक ऐतिहासिक और दिल को छू लेने वाला मंज़र देखने को मिला। यहाँ आफताबे शेखावाटी की धरती पर हुज़ूर शहंशाहे विलायत ख्वाजा हाजी मुहम्मद नजमुद्दीन सुलैमानी फखरी निजामी चिश्ती अल्फारूकी रहमतुल्लाह अलैह के 160वें उर्स मुबारक के अवसर पर रूहानियत की ऐसी बहार आई कि अजमेर शरीफ की दरगाह और फतेहपुर की खानकाह एक सूत्र में बंध गए। इस मौके पर शहजादा ए हुज़ूर गरीब नवाज, सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती साहब जो स्वयं, दीवान साहब व सज्जादानशीन ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (र.अ.) अजमेर शरीफ के जानशीन हैं - ने दरगाह पहुँचकर अजमेर दरगाह की तरफ़ से चादर पेश की और हुज़ूर नसीरे मिल्लत के जानशीन और वलीअहद (भावी सज्जादानशीन व मुतवल्ली) हज़रत पीर गुलामे नजम साहब नजमी सुलैमानी चिश्ती अल्फारूकी, जिनकी जानशीनी व सज्जादगी की घोषणा एक दिन पहले ही 7 अप्रैल को हुज़ूर नसीरे मिल्लत ने दरगाह शरीफ़ के ज़ाबते 1932 के अनुसार अपनी बैत ख़िलाफ़त व वसीयत के ज़रिए अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था, उनकी दस्तारबंदी करते हुए उन्हें मुबारकबाद पेश की। यह दृश्य देखते ही बनता था दो रूहानी दरियाओं का संगम। वहीं दूसरी ओर, इस मौके पर सज्जादानशीन और मुतवल्ली हुज़ूर नसीरे मिल्लत पीर गुलाम नसीर साहब नजमी सुलैमानी चिश्ती अल्फ़ारूक़ी ने ख़ानक़ाहे आलिया नजमिया सुलैमानिया फ़ख़रिया निज़ामिया चिश्तिया बहिश्तिया फ़तेहपुर की ओर से हुज़ूर नसीरे मिल्लत ने अजमेर शरीफ़ से आए सैयद नसीरुद्दीन चिश्ती साहब और उनके साथ आए सभी मेहमानों की दस्तारबंदी की, उन्हें गुलपोशी से नवाज़ा और खैर मक़्दम करके उनका भव्य स्वागत किया। पूरी खानकाह श्रद्धालुओं से पटी रही। महफिले सिमाअ में कलामों ने दिल छू लिए और दस्तारबंदी की इस रस्म ने साबित कर दिया कि चिश्ती सिलसिले की मोहब्बत और सूफी विरासत आज भी जिंदा है, और फतेहपुर शेखावाटी इस रूहानी एकता का गवाह बना।

# पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने सैनिक को दी श्रद्धांजलि



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**पावटा/कोटपूतली।** जिला कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक विराट नगर इन्द्राज गुर्जर ने बानसुर विधानसभा क्षेत्र के गाँव दामोदर का बास (छिंड) निवासी वीर शहीद सैनिक गोवर्धन गुर्जर को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय सेना में नायक के पद कार्यरत गोवर्धन गुर्जर हिसार में तैनात थे। गत दिवस अचानक गोरधन गुर्जर जी ड्यूटी के दौरान निधन हो गया था। सैनिक को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर ने कहा कि देश की सेवा में समर्पित जांबाज़ सैनिक का अचानक चला जाना भारतीय सेना के साथ साथ पूरे क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया

।इस दुःख की घड़ी में परिवार कों संबल देकर विधायक ने परिवार को ढाढस बंधाया। संगठन महामंत्री वी के नवल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाध्यक्ष इन्द्राज गुर्जर के साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कांग्रेस कार्यकर्ताओ सहित सरपंच महेश रावत, स्कूल निदेशक विजय यादव, पंचायत समिति सदस्य लालचन्द गुर्जर, कांग्रेस नेता महेश सोडा, सावंत चनेजा, एनएसयूआई पूर्व ज़िलाध्यक्ष राकेश चौधरी, युवा नेता हंसराज योगी, अंजना यादव, एडवोकेट शिवचरण रावत, महेश प्रधान, रामखिलाडी खर्लवा, रामनिवास सहित अन्य लोग श्रद्धांजली कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# बाबा साहेब के जयंती पर होगा दो दिवसीय कार्यक्रम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**लोसल।** संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में लोसल नगर में दो दिवसीय भव्य कार्यक्रमों का आयोजन डॉ भीमराव अंबेडकर विकास समिति लोसल के बैनर तले किया जाएगा। समिति प्रचार मंत्री कुलदीप बामणिया ने बताया कि दो दिवसीय कार्यक्रम के आयोजन को लेकर क्षेत्र के युवाओं और प्रबुद्धजनों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

कार्यक्रम की शुरुआत 13 अप्रैल को एक विशाल भीम समता रैली के साथ होगी। आयोजन समिति के अनुसार रैली दोपहर 3:15 बजे विद्यालय नंबर 2 से रवाना होगी।

रैली लोसल शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरेगी। रैली के दौरान बाबा साहेब के आदर्शों और समतावादी समाज का संदेश प्रसारित किया जाएगा। रैली का समापन अम्बेडकर भवन पर होगा।

अगले दिन, 14 अप्रैल को बाबा साहेब की जयंती के मुख्य अवसर पर शाम चार बजे सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है

इस समारोह में समाज की विभिन्न प्रतिभाओं और विशिष्ट सेवा देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा

# उदयपुर के यश गमेती ने मणिपुर में लहराया जीत का परचम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुर/इम्फाल।** झीलों की नगरी उदयपुर के प्रतिभावान खिलाड़ी यश गमेती ने मणिपुर की धरती पर इतिहास रचते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। इम्फाल स्थित मणिपुर यूनिवर्सिटी में 6 से 9 अप्रैल 2026 तक आयोजित 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी थांग-था प्रतियोगिता' में यश ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर पूरे राजस्थान का नाम रोशन किया। महाराणा भोपाल यूनिवर्सिटी (रूरू) का प्रतिनिधित्व कर रहे यश गमेती ने -46 किलोग्राम भार वर्ग में हिस्सा लिया था। खास बात यह है कि यश पहली बार यूनिवर्सिटी स्तर की प्रतियोगिता में उतरे थे और अपने पहले ही प्रयास में उन्होंने प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़कर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। उदयपुर के खेल इतिहास में यह पहली बार है जब किसी खिलाड़ी ने पारंपरिक मार्शल आर्ट 'थांग-था' में यूनिवर्सिटी स्तर पर गोल्ड मेडल जीता है।'द जील मार्शल आर्ट्स एंड फिटनेस पॉइंट' के इस खिलाड़ी की सफलता पर जिलेभर में हर्ष का माहौल है। थांग-था एसोसिएशन ऑफ उदयपुर के मुख्य सचिव प्रफुल्ल सांवरिया ने इसे एक ऐतिहासिक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यश की यह उपलब्धि न केवल उसकी मेहनत का फल है, बल्कि यह उदयपुर में मार्शल आर्ट्स के उभरते स्तर का प्रमाण भी है।मणिपुर के पारंपरिक मार्शल आर्ट 'थांग-था' में स्वर्ण पदक जीतने से उदयपुर में इस खेल के प्रति युवाओं का आकर्षण बढ़ेगा।



# छात्र हिमांशु शर्मा का रक्षा मंत्रालय विभाग में ऑडिट ऑफिसर बनने पर सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सीकर।** पिपराली रोड स्थित एमके मेमोरियल शिक्षण संस्थान सीनियर सेकेंड्री स्कूल में आज प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के पूर्व छात्र हिमांशु शर्मा के रक्षा मंत्रालय विभाग में ऑडिट ऑफिसर पद पर चयन होने पर उनका हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन श्री महावीर प्रसाद ढाका ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमांशु शर्मा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई इसी विद्यालय से पूर्ण की है। आज उन्होंने रक्षा मंत्रालय विभाग में ऑडिट ऑफिसर का पद प्राप्त कर न केवल विद्यालय, बल्कि अपने परिवार एवं सीकर शहर का नाम भी गौरवान्वित किया है। उन्होंने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार उच्चतम पदों को प्राप्त करें। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर मनीष ढाका ने बताया कि हिमांशु शर्मा प्रारंभ से ही एक होनहार छात्र रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2017 में दसवीं कक्षा में 97% अंक प्राप्त कर राज्य मेरिट में स्थान प्राप्त किया तथा वर्ष 2019 में बारहवीं (विज्ञान-गणित) में 97% अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होंने आगे बताया कि छात्र की शुरू से ही सिविल सेवा में जाने की इच्छा रही है, जिसकी दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रथम प्रयास में ही रक्षा मंत्रालय विभाग में ऑडिट ऑफिसर पद पर चयन होना अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कामना की कि भविष्य में हिमांशु शर्मा अपने आईएएस बनने के लक्ष्य को भी अवश्य प्राप्त करें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल हरिराम मूवाल, संगीता शर्मा, मैनेजिंग डायरेक्टर संजय शर्मा, अकादमिक हेड नेहा वर्मा सहित समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव पर होंगे दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**लोसल।** सर्व विप्र समाज की ओर से भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव 20? अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दौरान दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को गांवों में जनसंपर्क अभियान का आगाज भी किया गया। संगठन के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि भगवान श्री परशुराम प्राकट्योत्सव 20 अप्रैल को मनाया जाएगा। जिसमें दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम होंगे। 19 अप्रैल को खंडेलवाल भवन में हवन, भगवान परशुराम की महा आरती और शाम को संगीतमय सुंदरकांड पाठ किए जाएंगे। 20 अप्रैल को शाही लवाजमें के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद सामूहिक महाप्रसादी का आयोजन होगा।

भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव कार्यक्रम को लेकर संगठन की ओर से शुक्रवार को जनसंपर्क अभियान का आगाज किया गया। इस दौरान लोसल छोटी, सिंगरावट, सरवड़ी और गुमानपुरा गांव में ब्राह्मण समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक के दौरान सामाजिक एकता, समाज उत्थान और सामाजिक बुराइयों को दूर कर एक जाजम पर बैठकर समाज के लोगों को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव को धूमधाम से मानने को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए।

## 12 अप्रैल को लोसल में होगी बड़ी बैठक, कई? मुद्दो पर होगी चर्चा

भगवान श्री परशुराम प्राकट्योत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर लोसल में 12 अप्रैल को संगठन की ओर से एक बड़ी बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान करीब एक दर्जन गांवो के लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम को भव्यता देने के लिए आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे।



# बच्चों के जीवन के पहले 6 साल सबसे महत्वपूर्ण होते हैं : दिया कुमारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा तथा पोषण माह के नियमित आयोजनों से 06 वर्ष तक के बच्चों के पोषण के प्रति जाग्रुकता का वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन के पहले 6 साल सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान सही पोषण और देखभाल के लिए पूरे समुदाय की भागीदारी जरुरी है, सही पोषण से ही देश रोशन होगा। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा में इस बार भी राजस्थान को प्रथम स्थान मिले इसके लिए आईसीडीएस को कड़ी मेहनत करनी होगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अष्टम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के दूसरे दिन शुक्रवार को जयपुर के विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित जेपी कॉलोनी, वार्ड 24 की आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित पोषण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त विचार व्यक्त किये।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो बच्चें आज जन्म ले रहे हैं वो 2047 तक पूर्ण युवा हो जाएंगे। यदि उन बच्चों को सही पोषण शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान किया जाए तो 2047 में जब वे युवा होकर देश का नेतृत्व करेंगे तो देश का भविष्य निश्चित ही सुरक्षित और मज़बूत हाथों में होगा और देश दुनिया में अपनी अलग पहचान कायम कर सकेगा।

दिया कुमारी ने कहा कि बच्चों के पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए ही यह 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक भारत सरकार और राज्य सरकार की ओर से आँगनबाड़ी केंद्रों पर आठवां पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप लोग पोषण दूत हैं। आपके द्वारा ममतामयी व्यवहार और कार्यो के सम्पादन से आंगनबाड़ियों पर आने वाले बच्चों को बेहतर पोषण मिलता है। आपके द्वारा बच्चों को खेल–खेल में सिखा कर शाला पूर्व शिक्षा के माध्यम से पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्रदान किये जाने का पुनित कार्य प्रशंसनीय है।दिया कुमारी ने कहा कि आईसीडीएस (निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं) की टीम अच्छा काम कर रही है इसी का सुपरिणाम है कि सितम्बर 2025 में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह में राजस्थान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

# प्रत्येक पात्र को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करते हुए पेंडिंग प्रकरणों का करें शीघ्र निस्तारण- भजनलाल जाटव



धौलपुर...तीर्थराज मचकुन्ड सरोवर पर जारी कैलेण्डर का विमोचन सांसद भजनलाल जाटव, विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, जिला श्रीनिधि बीटी, सीईओ एएन सोमनाथ व अन्य

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** करौली-धौलपुर सांसद भजनलाल जाटव ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के समग्र विकास के लिए सक्रिय रहकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना सुनिश्चित करें।

सांसद भजनलाल जाटव ने रेलवे के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सैंपऊ रोड पुलिस लाइन के पास से सैंपऊ, भरतपुर, जयपुर के लिए आवागमन के साधनों का अधिक संचालन होने के कारण रेलवे क्रॉसिंग फाटक बार-बार बन्द होने के कारण यातायात साधन अवरूद्ध होगा। इसलिए यहां पर ओवर ब्रिज होना आवश्यक है। धौलपुर-बाड़ी रेलवे मार्ग पर किसानों की गई भूमि अधिग्रहण के मुआवजे से वंचित राशि की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए बाड़ी-सरमथुरा के किसानों की भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण करते हुए शीघ्र ही मुआवजा राशि किसानों के बैंक खातों में डलवाना सुनिश्चित करें। किसी भी किसान को भूमि अधिग्रहण के मुआवजे लेने के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। किसानों की समस्या का समाधान हरसंभव करना हमारा पदीय कर्तव्य है। बिजौली, कुहावनी, सिंगोरई के लोगों के लिए आने-जाने पर नैरोगेज लाइन पर रेलवे क्रॉसिंग बना हुआ था। लेकिन ब्रॉडगेज परिवर्तन के अर्थकार्य के तहत रेलवे क्रॉसिंग बन्द कर दिए गए है। उन स्थानों पर अंडरपास बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नेशनल हाईवे पर गड्ढों की मरम्मत करने, नालों की सफाई करने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन में कार्मिकों की नियुक्ति की जाये जिससे एम्बुलेंस आदि को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। टोल प्लाजा पर नियुक्त कार्मिकों का ड्रेस कोड लागू किया जाएं। उन्होंने कहा कि टोल प्लाजाओं पर लगाए गए कार्मिकों का पुलिस विभाग द्वारा वेरिफिकेशन किया जाना सुनिश्चित करें। हाईवे पर आवारा पशुओं के रोकथाम के लिए नियमित पेट्रोलिंग किया जाना सुनिश्चित करें। पेट्रोलिंग नहीं करने वाले कार्मिकों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए। आगरा-ग्वालियर नेशनल हाईवे पर मचकुन्ड चौराहे पर ओवरब्रिज का कार्य शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। हुसैनपुरा गांव अब ग्राम पंचायत मुख्यालय बन चुका है। लेकिन सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर सरकार को भिजवाना सुनिश्चित करें। सुन्नीपुर ग्राम के पास बेरिकेटिंग किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन के तहत अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कार्य समय सीमा मे पूर्ण हो व गांव व ढाणियों मे रह रहे आमजन को निश्चित समय सीमा मे पेयजल उपलब्ध हो और यह भी सुनिश्चित करें कि पेयजल लाईन बिछाते समय गांव व शहरों मे सड़क क्षतिग्रस्त होने पर उसकी शीघ्र ही मरम्मत करवायें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जल जीवन मिशन के तहत अधिक से अधिक कनेक्शन जारी करने, पीएम आवास योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अधिक गर्मी पड़ने पर लोगों को अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसलिए अधिक से अधिक हैण्डपम्पों की मरम्मत कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मनरेगा कार्यों की मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त खम्भों की मरम्मत करने, ढीले तारों को कसवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने दिए गए निर्देशों की पालना करवाने हेतु आस्वश्त किया साथ ही आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, बसेड़ी विधायक संजय जाटव ने जिले की प्रमुख समस्याओं व अन्य मुख्य बिन्दुओं से सांसद को अवगत कराया। बैठक के दौरान पर्यटन विभाग द्वारा पंच गौरव के तहत तीर्थराज मचकुन्ड सरोवर पर जारी कैलेण्डर का विमोचन किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, उपवन संरक्षक वी चेतन कुमार, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी बबली राम जाट सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बाड़ी... अस्पताल के इनडोर में भर्ती मरीज एवं एक बेड पर भर्ती दो बच्चे।

# तापमान में उतार-चढ़ाव से बढ़ रही मौसमी बीमारियां, सबसे अधिक बच्चे प्रभावित

### अस्पताल के शिशु वार्ड में बच्चों की भीड़, बुजुर्ग भी हो रहे प्रभावित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** 15 मार्च के बाद लगातार बदल रहे मौसम की मिजाज और एक के बाद एक आए पश्चिमी विक्षोभ के चलते तापमान में उतार चढ़ाव देखा गया है और गर्मी का प्रकोप नही दिखाई दे रहा लेकिन लगातार बदलते मौसम ने अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ा दी है। सर्द-गर्म के इस मौसम का शिकार सबसे अधिक छोटे बच्चे हो रहे हैं जो उल्टी-दस्त के साथ निमोनिया के प्रकोप से ग्रसित हैं। ऐसे में शहर के जिला अस्पताल में सबसे अधिक मरीज उल्टी दस्त और निमोनिया की भर्ती हो रहे हैं।अस्पताल का ओपीडी भी 900 से बढ़कर अब 1176 हो गया है। जिसमे भर्ती मरीजों का आंकड़ा 200 के पार पहुच गया है। ऐसे में अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने एडवाइजरी जारी की है। अप्रैल माह में तापमान विगत वर्ष 42 डिग्री सेंटीग्रेड तक पहुंच जाता था। लेकिन इस बार यह तापमान 32 पर अटका हुआ है। वही बारिश होने पर तापमान लुढ़ककर 25 पर पहुच जाता है। रात में अभी भी हल्की ठंडक बनी हुई है। इसके चलते लोगों को कभी सर्दी तो कभी गर्मी का एहसास हो रहा है। जिसके चलते इन्फेक्शन बड़ा है और उल्टी-दस्त,डायरिया जैसी बीमारियां बढ़ रही है। वही निमोनिया से भी छोटे बच्चे प्रभावित है। बाड़ी जिला अस्पताल के पीएमओ डॉ हरकिशन मंगल ने बताया कि लगातार मौसम बदलने से उल्टी-दस्त डायरिया और खांसी जुकाम के मरीज बढ़े हैं। अस्पताल के शिशु वार्ड में 24 घंटे में 70 बच्चे भर्ती हुए हैं। वहीं जनरल वार्ड में भी भर्ती मरीजों का आंकड़ा 100 से ऊपर है। ऐसे में करीब 200 मरीज प्रतिदिन अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं। जिनमें छोटे बच्चों की संख्या सबसे अधिक है। पीएमओ डॉ हरिकिशन मंगल ने एडवाइजरी जारी की है कि अब लगातार तापमान बढ़ेगा। ऐसे में गर्मी बढ़ने पर तेजी से बीमारियां बढ़ सकती हैं। इसको लेकर अभिभावक विशेष रूप से ध्यान दें। बच्चों को एक साथ सर्द गर्म खाना नहीं दिया जाए। उन्हें हल्का और सुपाच्य भोजन ही दें। ठंडी चीजों से अभी परहेज करें। जिससे वे बीमारियों से ग्रसित नहीं हो। वही बड़े बुर्गों का भी ख्याल रखें।



## मरम्मत कार्य के चलते आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** 220 केवी जीएसएस धौलपुर पर रख-रखाव व मरम्मत कार्य होने के कारण 11 अप्रैल को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता संध्या चौहान ने बताया कि 33 केवी डीसीपीपी चम्बल फीडर भरतपुर वाटर सप्लाई प्लांट और थर्मल डीसीपीपी टाउनशिप इत्यादि सम्बन्धित क्षेत्रों की 11 अप्रैल को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## युवाओं के साथ संवाद कार्यक्रम का 13 अप्रैल को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर ।** भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय ने माई भारत पहल के तहत माई भारत बजट क्वेस्ट 2026 - युवाओं के विकसित भारत बजट पर बात, प्रधानमंत्री के साथ नामक एक राष्ट्रीय स्तर का बहुस्तरीय युवा सहभागिता कार्यक्रम शुरू किया है, जिसका उद्देश्य युवा नागरिकों के बीच केंद्रीय बजट 2026 के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ाना है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने बताया कि माय भारत बजट क्वेस्ट-राजस्थान यूथ डायलॉग का आयोजन 13 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में दोपहर 3.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि युवा संवाद कार्यक्रम में शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्टार्टअप, कृषि व तकनीकी के क्षेत्रों से सम्बन्धित क्षेत्रों के युवाओं की ऑनलाइन सहभागिता की जाएगी।

**राजाखेड़ा व धौलपुर में बकायेदारों पर की कार्रवाई**

# डिस्कॉम ने 7 लाख बकाया राशि पर 7 ट्रांसफॉर्मर उतारे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



धौलपुर..बकायादारों पर कार्रवाई करती डिस्कॉम टीम

**धौलपुर।** जयपुर डिस्कॉम के जिले में बड़े बिजली बकायेदारों व अवैध बिजली चोरी पर कार्यवाही की है। यह कार्यवाही राजाखेड़ा उपखण्ड के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों व धौलपुर शहर में की गई है। डिस्कॉम एसई विवेक शर्मा के निर्देशन में एईएन राजाखेडा आनंद तिवारी व एईएन नवनीत कटारा के नेतृत्व में कार्यवाही की। बड़े बकायेदारों की सूची तैयार की गई जो सालों से बिजली बिल नहीं भर रहे थे। डिस्कॉम कार्मिक बार बार इन बकायेदारों से कई वर्षो से बकाया राशि भरने का तगादा कर रहे थे, लेकिन उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा नहीं कराए जा रहे थे। वहीं धौलपुर शहर में अवैध जम्पर काटकर बिजली आपूर्ति बंद की गयी है। विवेक शर्मा ने बताया कि कार्यवाही राजाखेड़ा उपखंड के शहर व ग्रामीण से 7 ट्रांसफॉर्मर उतारे गए। जिन पर 7 लाख की बकाया राशि थी। धौलपुर शहर में भी कार्यवाही की जा रही है व 40 अवैध जम्पर काटे गए हैं। डिस्कॉम ने कार्यवाही से लोगों मे हड़कंप मच गया और आनन फानन में ट्रांसफॉर्मर व अवैध जम्पर हटाते नज़र आए। एसई शर्मा ने बकायेदारों से बकाया राशि जमा कराने की अपील की है जिससे उनकी बिजली बंद होने पर होने वाली असुविधा से बचा जा सके। कार्यवाही में एईएन राजाखेडा आनंद तिवारी, एईएन नवनीत कटारा, जेईएन किरण कुमारी, जेईएन मयंक मिश्रा, जेईएन विशाल जयसवाल, जेईएन रणवीर सिंह के साथ 35 बिजली कर्मी मौजूद रहे।

# शॉर्ट सर्किट से मकान में लगी आग, 2 बाईक व 100 मन भूषा अन्य घरेलू सामान जलकर राख

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



धौलपुर.मकान में लगी से उठती लपेटे

**धौलपुर।** शहर के हरदेव सिंह संसार सिंह नगर में शुक्रवार दोपहर को एक मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग लगते ही घर के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और आग बुझाने के प्रयास में लग गये। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग की चपेट में आने से घर में रखी 2 बाईक, 100 मन भूषा, 1 फ्रिज व 35 बैटरी बस की तथा 2 टायर, एक कूलर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग से करीब हजारों रुपये का नुकसान हो गया। मकान मालिक का कहना है कि आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड ऑफिस में दी। जिस पर फायर ब्रिगेड खराब होना बताया गया।

# फर्जी मार्कशीट लगा डाक विभाग में पाई डाकपाल की नौकरी, दो साल बाद आया गिरफ्त में

### यूपी के सैंया से दबोचा, खुलासा हुआ तो आरोपी हुआ फरार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने दसवीं कक्षा की कूट रचित मार्कशीट लगाकर डाक विभाग में डाकपाल की नौकरी पाने वाले एक आरोपी को 2 वर्ष बाद यूपी के सैयां से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने डाक विभाग की भर्ती में फर्जी मार्कशीट के आधार पर डाकपाल की नौकरी प्राप्त की थी। जिसका खुलासा होने के बाद डाक विभाग के निरीक्षक द्वारा कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अब तक उक्त मामले में चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत वांछित अपराधी एवं फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उक्त मामला 15.1.2024 का है। डाक विभाग के स्थानीय डाक निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दसवीं की फर्जी मार्कशीट लगाकर डाक विभाग में डाकपाल की नौकरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग की थी। उक्त मामले में तीन आरोपियों की पूर्व में गिरफ्तारी की आ चुकी थी। आरोपी रविकांत पुत्र डोंगर सिंह कुशवाह निवासी बाग किशोरा,छत्तापुरा पुरा बिरई थाना सैया आगरा का निवासी है। जो मामले के खुलासे के बाद फरार हो गया था। मामले की जांच एएसआई श्याम सुंदर शर्मा कर रहे है।



बाड़ी. पुलिस की गिरफ्त में आरोपी जालसाज।

बुधवार को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि आरोपी आगरा के हाइवे पर सैया तिराहे पर देखा गया है। ऐसे में उच्च अधिकारियों के निर्देश और सुपरविजन में एएसआई श्याम सुंदर शर्मा, कांस्टेबल राजेंद्र एवं सूबे सिंह और टीम ने सैया पहुच एक थड़ी के पास से आरोपी रविकांत कुशवाहा को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ थाने पर दर्ज मामले में आईपीसी की धारा 420, 467, 468, 471 और 120 बी में कार्रवाई की जा रही है।

# सायबर अपराधों के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए लगाया जागरूकता शिविर



राजाखेड़ा..जागरूकता शिविर में उपस्थित विद्यार्थी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष के निर्देशानुसार विधिक सेवा समिति एवं सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राजाखेड़ा आकाश शर्मा के द्वारा शुक्रवार को पाठशाला उच्च माध्यमिक विद्यालय राजाखेड़ा में साइबर अपराधों के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट ने बच्चों को साईबर अपराधों वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, अपनी निजी जानकारी साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के लिए प्रेरित किया। साइबर अपराधों के विभिन्न प्रकार जैसे हैकिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फेक प्रोफाइल, साइबर बुलिंग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे मामलों में कानूनी सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है और शिकायत कहां दर्ज कराई जाए। इस संबंध में 1930 हैल्पलाईन नंबर पर शिकायत की जा सकती है। इस दौरान विद्यालय की डायरेक्ट डॉ तरुणा मिश्रा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहें।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ा अवैध हथियार के साथ आरोपी, तिलुआ के अड्डा पर कार्यवाही

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी से पुलिस अवैध हथियार को लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर हत्या,हत्या के प्रयास,लूट,डकैती और आर्म एक्ट में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया है।

गुरुवार 9 अप्रैल को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि एक आरोपी धौलपुर रोड़ पर तिलुआ के अड्डा के पास अवैध हथियार के साथ देखा गया है। उक्त सूचना के पुख्ता होने पर एएसआई श्याम सुंदर शर्मा, कांस्टेबल सतीश, कमल सिंह और रामावतार को मौके पर रवाना किया गया। जहां पुलिस टीम के पहुंचने पर आरोपी पुलिस को देखते ही भागने लगा। इस पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबोचा। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से एक 12 बोर का देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी की पहचान बादल पुत्र रामकुमार हरिजन निवासी मलक पाड़ा के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाने पर 3/25 आर्म एक्ट में मामला दर्ज किया है। आरोपी से अवैध हथियार को लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

## अम्बेडकर जयंती समारोह के लिए 11 से 14 अप्रैल तक कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**धौलपुर ।** डॉ. बी आर अम्बेडकर जयंती समारोह 14 अप्रैल के भव्य रूप से आयोजन के लिए 11 से 14 अप्रैल तक जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिले में गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को नोडल अधिकारी एवं सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को सहायक नोडल अधिकारी तथा ब्लॉक स्तर पर सम्बन्धित उपखण्ड अधिकारी ब्लॉक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की विचारधारा से जन सामान्य को अवगत तथा जागरूक किए जाने के 11 अप्रैल को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे ज्योतिबा फुले जी की मूर्ति पर माल्यार्पण, 12 अप्रैल को संविधान को जाने ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता, 13 अप्रैल को बाबा साहेब के सामाजिक न्याय दर्शन एवं उनके जीवन पर आधारित संगोष्ठी कार्यक्रम, बाबा साहेब के जीवनवृत पर व्याख्यान, छात्रावासों, आवासिय विद्यालयों में बाबा साहेब आधारित चलचित्र प्रदर्शन एवं स्वच्छता कार्यक्रम, चित्रकला, लेखन, भाषण तथा संविधान के सम्बन्ध में निबंध प्रतियोगिता तथा 14 अप्रैल को अम्बेडकर पार्क सागरपाड़ा में प्रातः 10 बजे बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि, संविधान की प्रस्तावना का वाचन एवं संविधान शपथ का आयोजन किया जाएगा।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में अटके ग्राहकों के पैसे, अधिकारी नहीं करते हैं सुनवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा के क्षेत्र के कुछ व्यक्तियों ने गत 5 साल पूर्व इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में खाते खुलवाए थे और उनकों खाता नंबर का एक कार्ड पकड़ा दिया गया। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में मजे की बात तो यह है कि लोगों का अपना पैसा तो जमा करते चले गए लेकिन निकालने के लिए उसमें कोई जगह नहीं है, इसलिए लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। धौलपुर में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक मैनेजर के पास राजाखेड़ा से चार दिन से चक्कर लगाने पर भी उनको पैसे नहीं मिल पा रहे हैं। गौरतलब कि अनिल पुत्र राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा निवासी ग्राम विचोला राजाखेड़ा ने गत पांच साल पूर्व अपना खाता खुलवाया था। जिसका अकाउंट नंबर 0455 100 73773 है तथा दूसरा व्यक्ति सीताराम पुत्र सुंदर सिंह जाति बघेल निवासी गुन का पूरा ने भी अपना खाता गत 5 साल पूर्व इसी बैंक में खुलवाया था। जिसका अकाउंट नंबर 0455 1003 8728 है। जिसमें उसके 119212 रुपए है। वह भी काफी चक्कर लगाकर परेशान है। ऐसे ही दर्जन और लोग अपने पैसे निकालने के लिए चक्कर लगाते नजर आते हैं परंतु उनका खुद का जमा किया हुआ पैसा समय पर उनकों नहीं मिल पा रहा है। अनिल कुशवाहा ने बताया कि वहां जाने पर हर बार एप्लीकेशन देनी पड़ती है और बैंक मैनेजर के द्वारा 3 दिन 4 दिन का वायदा कर वापस भेज दिया जाता है। क्या इसी तरह बैंक मैनेजर की मनमानी चलती रहेगी। जिसके कारण उनको परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्या इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक मैनेजर ऐसे ग्राहकों के खाते में जमा पैसों को शीघ्र निकलवाने का प्रयास करेंगे।



## रोजगार विभाग का एम्प्लॉयमेंट एक्सचेंज मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल 16 अप्रैल से रहेगा बंद

**धौलपुर ।** रोजगार सेवा निदेशालय के निर्देशानुसार रोजगार विभाग से सम्बन्धित विभागीय पोर्टल एम्प्लोएमेंट एक्सचेंज मैनेजमेंट सिस्टम प्रशासनिक कारणों से 16 अप्रैल से आगामी आदेशों तक के लिए बंद किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार विभाग से सम्बन्धित पंजीयन एवं मुख्यमंत्री युवा संबल योजना से सम्बन्धित सभी कार्य बाधित रहेगें। उन्होंने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त आशार्थी अपनी मार्च माह की उपस्थिति 16 अप्रैल से पूर्व अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-१, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।